हिन्दी सान्ध्य दैनिक जौनपुर,लखनऊ व भदोही से प्रकाशित

# देश की उपासना

www.Deshkiupasana.com
www.Deshkiupasana.in
www.Deshkiupasana.org

देश के विकास में समर्पित समाज के सभी वर्गों के लिए

dku live

वर्ष : 01 अंक–235 : जौनपुर, मंगलवार 23 मई 2023 सान्ध्य दैनिक ( संस्करण ) पेज –4 मूल्य : 2 रूपया

## जो जिस क्षेत्र में कार्यरत हैं वह अपने कर्तव्यों का ईमानदारी से करें पालन –सीएम योगी

गोरखपुर ब्यूरो : जो जिस क्षेत्र में कार्यरत हैं, वह अपने कर्तव्यों का ईमानदारी से पालन करें। धर्म की रक्षा समाज ने मिलकर किया है। पूरे समाज ने एकता के माध्यम से मार्ग आगे बढ़ाया तो कल्याण के अनेक मार्ग प्रशस्त हुए। यही कारण है कि दुनिया में तमाम मजहब, संप्रदाय आए। कुछ आए और समाप्त हो गए। कुछ अभी हैं और कुछ आने वाले समय में भी आएंगे। उनकी विशिष्ट पहचान हो सकती है और कुछ देर के लिए भले ही बढ़ सकते हैं मगर हमारा सनातन धर्म हर देश, काल और परिस्थिति में इसी प्रकार अपने वर्चस्व को बनाए रखेगा। उक्त बाते आज उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री सोमवार को चौक स्थित गोरखनाथ मंदिर परिसर में नवनिर्मित मंदिर में ज्योतिर्लिंग प्राण प्रतिष्ठा, रुद्र महायज्ञ व शिवपुराण कथा ज्ञानयज्ञ कार्यक्रम में उपस्थित श्रद्धालुओं को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि जो लोग जिस क्षेत्र में कार्यरत हैं, वह अपने कर्तव्यों का ईमानदारी से पालन करें, यही धर्म की परिभाषा है। जब हनुमान जी माता सीता को ढूंढने लंका जा रहे थे तो एक पर्वत ने विश्राम करने का आग्रह किया। उस समय प्रभु हनुमान ने कहा कि राम काज किन्हें बिनु मोहि कहां विश्राम। मैं सनातन कार्य करने जा रहा हूं। मुझे विश्राम नहीं है। यही अवधारणा सनातन की पहचान है। सनातन संस्कृति ने इसे बढ़ाने का कार्य किया है। मुख्यमंत्री ने कहा कि पांच वर्ष पहले चौक बेतरतीब था। आज टाउन एरिया कार्यालय पर तिरंगा लहरा रहा है। चिकित्सालय बन गया है। हेल्थ एटीएम लगने वाला है, जिससे विभिन्न प्रकार की स्वास्थ्य जांच होगी। इस वर्ष स्टेडियम का निर्माण भी हो



जाएगा। जिससे यहां के होनहारों को प्रतिभा दिखाने का मौका मिलेगा। खेलो इंडिया व सांसद खेल स्पर्धा के माध्यम से ग्रामीण प्रतिभाओं को उभरने का मौका मिल रहा है। आज हर खेल प्रतियोगिता में भारत के खिलाड़ी परचम लहरा रहे हैं। गोरक्षपीठाधीश्वर ने कहा कि एक सप्ताह से रुद्र महायज्ञ और शिव महापुराण का कार्यक्रम चल रहा है। यज्ञ खुशहाली व समृद्धि का प्रतीक है। विकास को संरक्षित करने की जरूरत है। विकास कार्यों के लिए धन की कमी नहीं है। कर्तव्य के पथ पर ईमानदारी पूर्वक जो आगे बढ़ता है , वही लोग सम्मान के पात्र होते हैं। इस अवसर पर केंद्रीय वित्त राज्य मंत्री पंकज चौधरी, काशी से आए महामंडलेश्वर संतोष दास महराज, संत बालक दास, महंत रविंद्र दास, विधायक जयमंगल कन्नौजिया उपस्थित रहे।

## बड़े ही हर्षोल्लास पूर्वक मनाई गई महाराणा प्रताप सिंह की जयंती

सुजानगंज (जौनपुर ) ( विशेष संवाददाता जय प्रकाश तिवारी ) : क्षेत्र के एन एस पब्लिक स्कूल पर राजपूत एकता मंच के अगुवाई में महाराणा प्रताप जयंती के परिपेक्ष में एक संगोष्ठी का आयोजन किया गया जिसमें बतौर मुख्य अतिथि आल्हा सम्राट फौजदार सिंह ने लोगों को संबोधित करते हुए कहा आज के नवयुवक देश की धरोहर है महाराणा प्रताप की जीवन शैली पर प्रकाश डालते हुए कहा आज हमारे समाज को महाराणा प्रताप द्वारा किए गए उत्कृष्ट कार्यों से सीख लेनी चाहिए जिस प्रकार उन्होंने सभी समाज के लोगों के लिए लड़ाई लड़ते हुए अपने जीवन का बलिदान दे दिया उसी प्रकार आज भी राजपूत समाज दूसरों के सुख दुख में खड़े होने के साथ अपने कर्तव्यों का पालन करते हुए परोपकार की भावना रखता है ऐसे क्षत्रिय समाज को कुछ लोगों द्वारा घिड़ा की निगाह से देखा जा रहा हैं ऐसे में राजपूत समाज को एकत्रित होते हुए सभी समाज एवं वर्ग के लोगों के लिए पहले जैसा ही परोपकार की भावना रखते हुए कार्य करते रहना है एक दिन ऐसा जरूर आएगा जब सभी वर्ग के लोग यह मानने के लिए तैयार होंगे यह क्षत्रिय समाज सब को छाया देने वाला राजपूत समाज ही होगा । कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि के रूप में करणी सेना के पूर्वांचल प्रभारी गुलाब सिंह ने भी महाराणा प्रताप के जीवन शैली पर प्रकाश डाला करणी सेना से ही सत्या सिंह राणा ने भी महाराणा प्रताप सिंह के जयंती के अवसर पर उनके



द्वारा किए गए कार्यों का उल्लेख किया कार्यक्रम में सर्वप्रथम महाराणा प्रताप के चित्र पर पुष्प अर्पित करते हुए सभी सम्मानित साथियों द्वारा माल्यार्पण किया गया तथा दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम की शुरुआत की गई राजपूत एकता मंच के पदाधिकारियों द्वारा उपस्थित अतिथियों का माल्यार्पण करते हुए अंग वस्त्र देकर सम्मानित किया गया कार्यक्रम का संचालन के एन एस विद्यालय के प्रबंधक आलोक सिंह जिला पंचायत सदस्य ने किया तथा राजपूत एकता मंच के संरक्षक डॉ प्रमोद के सिंह, विपुल सिंह ,मुरारी सिंह, महेश सिंह, बब्बू सिंह, विजय प्रताप सिंह, विकास सिंह, हरेंद्र प्रताप सिंह के साथ क्षेत्र से बहुतायत संख्या में छत्रिय समाज के लोग उपस्थित रहे आए हुए सभी आगंतुकों का राजपूत एकता मंच के अध्यक्ष गंगेश बहादुर सिंह ने आभार व्यक्त किया।

### पाठक बन्धुओं से अनुरोध

आप सभी से अनुरोध है कि ऑनलाइन समाचार पत्र पढ़नें हेतु हमारे निम्नांकित वेबसाइट www.Desh ki upasana.com का अधिक अधिक उपयोग करें–तथा हमारें यू–ट्यूब चैनल / पोर्टल - dku live सत्य एवं प्रमाणिक खबरों के लिए Like&Subscribe जरूर कीजिए।

–संपादक

## एसडीएम द्वारा अस्थाई गोवंश आश्रय स्थल का किया गया निरीक्षण

सुल्तानपुर ब्यूरो आलोक श्रीवास्तव : विकास खंड बल्दीराय के हलियापुर अस्थायी गोवंश आश्रय स्थल का एसडीएम महेंद्र कुमार श्रीवास्तव ने निरीक्षण किया। साथ ही संरक्षित गोवंशों के लिए की गई व्यवस्थाओं का भी जायजा लिया।बल्दीराय एसडीएम महेंद्र कुमार श्रीवास्तव हलियापुर



में ग्राम पंचायत द्वारा संचालित अस्थाई गोशाला का औचक निरीक्षण करने के लिए पहुंचे। एसडीएम ने गोशाला में गोवंशों के लिए भूसा, चारा, पानी आदि के लिए की गई व्यवस्थाओं का जायजा लिया। इस दौरान गोशाला में 799 गोवंश संरक्षित पाए गए। निरीक्षण के समय भूसा कक्ष में भूसा उपलब्ध पाया गया। पशु चिकित्सा अधिकारी से गोवंशो के स्वास्थ्य के संबंध में जानकारी हासिल की।एसडीएम ने बताया कि हलियापुर गोशाला में 799 गोवंश हैं।गोशाला में स्वयं सहायता समूह द्वारा बनने वाले लट्ठे शवों के अंतिम संस्कार के काम आएंगे और लकड़ी की जगह इस्तेमाल होंगे,जिससे लड़की कम से कम जलेगी। इससे न केवल पर्यावरण साफ–सुथरा रहेगा,बल्कि लकड़ी की अवैध तरीके से कटान भी रुकेगी। गाय के गोबर का अधिक से अधिक सदुपयोग हो सके।

## जमीनी रंजिश में एक पक्ष पर लाठी डंडा व ईट पत्थर से हमला : तीन जख्मी

जौनपुर क्राईम ब्यूरो धनंजय विश्वकर्मा : सरायख्वाजा थाना क्षेत्र के भकुरा गांव में जमीनी रंजिश को लेकर एक पक्ष के लोगों ने दूसरे पक्ष पर लाठी – डंडा व ईट पत्थर से हमला कर गंभीर रूप से जख्मी कर दिया।पड़ोस के लोग आनन–फानन में उपचार के लिए प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र करंजाकला लेकर पहुंचे।उपचार के बाद पुलिस को तहरीर दी। पीड़ित पक्ष ने पुलिस पर मुकदमा पंजीकृत करने और चालान करने में एक पक्षीय रवैया अख्तियार करने का आरोप लगाया है। भकुरा गांव निवासी राजबली यादव का पड़ोसी दुलार गिरी के परिवार से जमीनी विवाद चल रहा है।इसी विवाद को लेकर दुलार गिरी पक्ष के आधा दर्जन लोग लाठी– डंडा व ईट पत्थर से हमला कर दिया।जिसमें बिंदु देवी पत्नी दसरथ,महिपाल यादव व राजबली यादव गंभीर रूप से जख्मी हो गए।जिन्हें पड़ोस के लोग आनन–फानन में लेकर प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र करंजाकला पहुंचे। उपचार के बाद पीड़ित पक्ष ने आधा दर्जन लोगों के खिलाफ तहरीर दी। पुलिस ने चार लोगों दुलार गिरी, कमलेश गिरी,अर्षित,अभिषेक के खिलाफ 323, 504, 506 के तहत मुकदमा पंजीकृत किया। जबकि पुलिस ने हमला करने वाले पक्ष दुलारी देवी की तरफ से अमरजीत यादव, ध




ीरज यादव, दशरथ यादव, राजबली यादव,साहबलाल यादव के खिलाफ 147, 323, 504, 506, 427 के तहत मुकदमा पंजीकृत कर एक पक्षीय चालान कर दिया। भुक्तभोगी पक्ष के लोगों ने पुलिस पर एक पक्षीय रवैया अख्तियार करने का आरोप लगाते हुए उच्चाधिकारियों से मामले की जांच कर दोषी लोगों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है।

## ज्येष्ठ मास के तीसरे मंगल पर विशाल भंडारा का किया गया आयोजन

सुल्तानपुर ब्यूरो आलोक श्रीवास्तव : ज्येष्ठ मास के तीसरे मंगल पर तहसील बल्दीराय में उप जिलाधिकारी महेंद्र कुमार श्रीवास्तव, तहसीलदार घनश्याम भारतीय व नायब तहसीलदार गुलाब सिंह की अगुवाई में विशाल भंडारा का आयोजन किया गया।सुबह हनुमान चालीसा पाठ और हवन पूजन का कार्यक्रम उप जिलाधिकारी, तहसीलदार व नायब तहसीलदार द्वारा सम्पन्न हुआ।प्रसाद वितरण के कार्यक्रम का शुभारंभ जिलाधिकारी जसजीत कौर ने किया।इससे पूर्व जिलाधिकारी ने महाबली हनुमानजी के चित्र पर माल्यार्पण का पूजन अर्चन किया।कार्यक्रम में जिला पंचायत अध्यक्ष प्रतिनिधि व ब्लाक प्रमुख बल्दीराय शिव कुमार सिंह,एडीएम प्रशासन बी. प्रसाद,सीआरओ शैलेश मिश्रा,एडीएम मनोज पाण्डेय,उप जिलाधिकारी सदर सीपी पाठक,उप जिलाधिकारी लंभुआ वंदना पांड़े,उप जिलाधिकारी विदुषी सिंह,पुलिस क्षेत्राधिकारी बल्दीराय रमेश कुमार,खण्ड विकास अधिकारी सत्य नारायण सिंह,खण्ड शिक्षा अधिकारी रोजी सिंह,थानाध्यक्ष अमरेंद्र बहादुर सिंह,धनपतगंज थानाध्यक्ष श्रीराम पांड़े,कूरेभार थानाध्यक्ष प्रवीण



कुमार व हलियापुर आरबी सुमन सहित तहसील व ब्लाक के सभी कर्मचारियों सहित विभिन्न ग्राम सभाओं के प्रधानगण,बार एशोसिएशन अध्यक्ष मनोज कुमार सिंह व न्यू अवध बार एसोशिएशन बल्दीराय अध्यक्ष सूर्य प्रकाश त्रिपाठी,महासचिव बृजेश कुमार यादव,कफील खान सहित सैकड़ो फरियादियों सहित आम जन मानस ने प्रसाद ग्रहण कर पुण्य अर्जित किया।इस मौके पर ऐंजर प्रधान राजेश कुमार दूबे,रामजी श्रीवास्तव,देवेन्द्र प्रताप सिंह पप्पू,सहित शिक्षा विभाग व अन्य विभागों के कर्मचारी गण मौजूद रहे।

## मुकदमा दर्ज कराने पर दबंग प्रधान पति ने पीड़ित युवक के चाचा पर किया जानलेवा हमला

सुल्तानपुर ब्यूरो आलोक श्रीवास्तव : दबंग प्रधान पति ने मुकदमा दर्ज कराने पर पीड़ित युवक के चाचा पर किया जानलेवा हमला।पुलिस ने पीड़ित युवक की तहरीर पर प्रधान पति बासुदेव यादव,प्रधान पुत्र सौरभ यादव, विनोद यादव,जय प्रकाश व सतेंद्र के खिलाफ संगीन धाराओं में




लिखा मुकदमा।पांचों आरोपियों को पुलिस ने सिंहनी गांव के पास से गिरफ्तार कर भेजा जेल।थानाध्यक्ष अमरेंद्र बहादुर सिंह बोले,प्रधान पति के विरुद्ध आधा दर्जन से अधिक दर्ज है आपराधिक मामले।बल्दीराय थाना क्षेत्र के डडिया सोन सिंह मजरे दक्खिन गांव का मामला।आरोपियों को गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम में उप निरीक्षक राकेश कुमार पाण्डेय,देहली चौकी इंचार्ज हरिश्चन्द्र,कांस्टेबल रविशंकर मौर्या,कांस्टेबल दीपक कटियार,कांस्टेबल इन्द्रेश कुमार,दीपक सागर, विशाल सोनकर आदि ने अहम भूमिका निभाई।

## पेड़ से टकराई रोडवेज बस : दो सगी बहनों समेत सात यात्री घायल : मुर्धवा मोड़ के पास हुआ हादसा

सोनभद्र ब्यूरो : वाराणसी–शक्तिनगर मार्ग पर पिपरी थाना क्षेत्र के मुर्धवा मोड़ के समीप तेज रफ्तार रोडवेज की बस पेड़ से टकरा गई। हादसे में दो सगी बहनों समेत सात यात्री घायल हुए। उन्हें हिंडाल्को अस्पताल में भर्ती कराया गया। घटना सोमवार की देर रात करीब 11 बजे हुई। हादसे के बाद चालक बस छोड़कर फरार हो गया। शक्तिनगर से सवारी लेकर रोडवेज की बस वाराणसी जा रही थी। रेणुकूट से हाथीनाला के बीच मुर्धवा मोड़ के पास तेज रफ्तार बस अचानक अनियंत्रित होकर पेड़ से टकरा गई। हादसे के बाद मौके पर चीख–पुकार मच गई। सूचना पाकर पहुंची पुलिस ने एंबुलेंस की सहायता से सभी घायलों को हिंडाल्को चिकित्सालय में दाखिल कराया। घायलों में प्यारी देवी पत्नी स्व दशरथ उम्र 50 वर्ष, मंजू देवी पत्नी रविंद्र प्रसाद उम्र 41 वर्ष,सरोज देवी पत्नी शशिकांत उम्र 30 वर्ष,



पल्लवी पुत्री जयप्रकाश उम्र 7 वर्ष, जानवी पुत्री जयप्रकाश उम्र 4 वर्ष, राजकुमारी पत्नी हृदयनारायण राम उम्र 41 वर्ष व सावित्री देवी उम्र 74 वर्ष शामिल हैं। हिंडालको चिकित्सालय में प्राथमिक उपचार के बाद सभी को छुट्टी दे दी गई। हादसे के बाद बस चला रहा चालक मौके से फरार हो गया।

## एसबीआई में नोट बदलने के लिए नहीं लगेगा प्रूफ : 905 शाखाओं में बदले जा रहे दो हजार के नोट

लखनऊ ब्यूरो : आरबीआई के दो हजार रुपये के नोटों को चलन से बाहर करने के फैसले के बाद आज मंगलवार 23 मई से बैंकों में इन्हें बदलवाने की सुविधा दी जा रही है। राजधानी लखनऊ में बैंकों की 905 शाखाओं में इन्हें बदला जा रहा है। एक दिन में अधिकतम 20 हजार रुपये के नोट ही बदलवाए जा सकेंगे। इसके लिए एसबीआई ग्राहकों से फॉर्म व आईडी नहीं लेगा। हालांकि, दूसरे के खाते में पैसा जमा करने पर आईडी देनी होगी। यूनाइटेड फोरम ऑफ बैंक यूनियंस के मीडिया प्रभारी अनिल तिवारी ने बताया कि इस दौरान ग्राहकों को दिक्कतें न आएं, इसके लिए बैंकों में अलग से स्पेशल विंडो खोली जाएगी। इनमें बुजुर्गों व महिलाओं को तरजीह मिलेगी। हालांकि, कतारें लगने की गुंजाइश कम ही नजर आ रही है। आरबीआई में भी बदले जाएंगे नोट लखनऊ में सभी बैंक शाखाओं के साथ–साथ गोमतीनगर में फन मॉल के सामने स्थित आरबीआई के क्षेत्रीय कार्यालय में भी ग्राहकों को दो हजार रुपये के नोट बदलवाने की सुविधा दी जाएगी। प्रदेश में लखनऊ, कानपुर सहित आरबीआई के 19 क्षेत्रीय कार्यालय हैं। छोटी शाखाओं में पुलिस देगी सुरक्षा दो हजार रुपये के नोट जमा करने के दौरान ग्राहकों में कहासुनी या विवाद न हों, इसके लिए बैंक पुलिस




की भी मदद लेंगे। बड़ी शाखाओं में गार्ड सुरक्षा संभालेंगे, जबकि छोटी शाखाओं में पुलिस को मोर्चा संभालने का जिम्मा दिया गया है। 90 करोड़ जमा कराए खातों में बड़ी संख्या में ग्राहक सोमवार को हाथों में दो हजार रुपये के नोट लेकर बैंक पहुंचे। लखनऊ में 90 करोड़ रुपये खातों में जमा कराए गए। पूरे प्रदेश में यह आंकड़ा 700 करोड़ पार पहुंच गया। अनुषा पाठक जवाहर भवन स्थित एसबीआई की शाखा में दो हजार रुपये के नोट जमा करवाने पहुंचीं। उन्होंने बताया कि महज 15 मिनट में उनके आठ नोट जमा हो गए। अन्य बैंक शाखाओं में भी नोट जमा करने में किसी को परेशानी नहीं आई।

## सेंध काटकर दुकानों में हजारों की चोरी

सुल्तानपुर ब्यूरो आलोक श्रीवास्तव : सेंध काटकर दो दुकानों में चोरी,पुलिस ने शुरू की पड़ताल।बीती रात एक साथ दो दुकानों में चोरों ने सेंध काटकर दिया चोरी की घटना को अंजाम। थाना कोतवाली नगर




के अमहट स्थित कृषि उत्पादन मंडी समिति की दो दुकानों में चोरी की घटना। फिल्मी स्टाइल में चोरों ने दिया चोरी की घटना को अंजाम।घटना में चोर दुकान के अंदर रखे कीमती सामान,हजारों रुपए,क्रेडिट कार्ड व अन्य कई कागजात भी ले उड़े चोर।कोतवाल राम आशीष उपाध्याय बोले,तहरीर पर दर्ज किया जाएगा मुकदमा।

facebook YouTube WhatsApp twitter Instagram

–सुविचार–

अगर चाहते हो कि तुम्हें खुदा मिले, तो वही करो जिससे दुआ मिले।

–साभार ज्ञानामृत पत्रिका

## सम्पादकीय

# निहितार्थ : श्रीनगर में जी–20 बैठक का महत्व

श्रीनगर और लद्दाख में जी–20 बैठकें आयोजित करने की सबसे बड़ी उपलब्धि अनुच्छेद 370 को निरस्त करने को अंतरराष्ट्रीय मंजूरी मिलना है, जिससे कश्मीर के बारे में पाकिस्तान का दावा खत्म हो गया है। इसके अलावा इससे कश्मीर में पर्यटन के नए युग की शुरुआत हुई है।

राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के विचारक और भाजपा के संस्थापक श्यामा प्रसाद मुखर्जी का 'एक राष्ट्र, एक कानून और एक प्रतीक' का सपना नरेंद्र मोदी की अगुआई वाली राजग सरकार ने पांच अगस्त, 2019 को पूरा किया, जो अनुच्छेद 370 एवं 35ए के निरस्त होने के बाद हकीकत बन गया। जम्मू और कश्मीर राष्ट्रीय ध्वज के अलावा अपने स्वयं के लाल और सफेद झंडे का उपयोग करता था, जो देश के विभाजन का कारण रहे अंग्रेजों के अवशेषों को दर्शाता था। अंग्रेजों ने नफरत की आग को हवा दी, जो आज भी भारत और पाकिस्तान के बीच देखी जा सकती है।

कश्मीर मुद्दे को संयुक्त राष्ट्र में ले जाने के तर्क और वैधता पर विचार किए बिना एक बात स्थापित हो गई है कि पाकिस्तान कश्मीर को भड़काता रहता था, लेकिन अनुच्छेद 370 के निरस्तीकरण ने इस अध्याय को बंद कर दिया और अंतरराष्ट्रीय समुदाय ने इस सच्चाई को स्वीकार कर लिया है, जिससे 22 से 24 मई, 2023 के बीच श्रीनगर में जी–20 की पर्यटन बैठक आयोजित करने पर भारत सरकार के कूटनीतिक कदम को और मजबूती मिलेगी।

विशेषज्ञों का मानना है कि जी–20 शिखर सम्मेलन कश्मीर मुद्दे पर पाकिस्तान के पक्ष को और कमजोर करेगा, क्योंकि विभिन्न राष्ट्रों के प्रतिनिधियों की उपस्थिति इस विवाद को हमेशा के लिए बंद करने और जम्मू–कश्मीर के लोगों को आगे बढ़ने के नए अवसर देने के भारत सरकार के फैसले को मान्यता देने का सबूत होगी। विशेषज्ञों का मानना है कि जी–20 की मौजूदा अध्यक्षता भारत को बड़ी संख्या में राष्ट्रों की मेजबानी करने का अवसर देती है, ताकि वे इस राज्य में सामान्य स्थिति का प्रत्यक्ष अनुभव कर सकें और भारत वैश्विक स्वीकृति प्राप्त कर सके, जो पाकिस्तान के लिए झटका हो सकता है, क्योंकि वह इसे अशांत प्रदेश के रूप में पेश करने की कोशिश कर रहा है।

भारत देखने और मानने के सिद्धांत पर काम करता है, क्योंकि वह दुनिया से कुछ भी छिपाना नहीं चाहता है। जम्मू–कश्मीर की पचास प्रतिशत से अधिक आबादी पर्यटन में शामिल है, जिसने कोविड काल के बाद इस केंद्र शासित प्रदेश के सकल घरेलू उत्पाद में 10 प्रतिशत से अधिक का योगदान दिया है। पाकिस्तान की भागीदारी से उसके प्रतिनिधि को जमीन पर सब कुछ देखने का मौका मिलता, लेकिन उसने दूर रहने का फैसला किया, जो सबसे दुर्भाग्यपूर्ण है। हाल ही में एससीओ की बैठक के बाद पाकिस्तान और चीन ने कश्मीर को लेकर विवादित बयान दिया था, जिसे भारत ने तीखे शब्दों में खारिज कर दिया था।

प्रधानमंत्री कार्यालय और गृह मंत्रालय सुरक्षा व्यवस्था की समीक्षा कर रहा है। प्रधानमंत्री के प्रमुख सचिव पी के मिश्रा ने भागीदारों की सुरक्षा को शीर्ष प्राथमिकता देते हुए वाणिज्य, पर्यटन, पर्यावरण, वित्त आदि मंत्रालयों के वरिष्ठ अधिकारियों के साथ हाल ही में बैठक की और श्रीनगर एवं लद्दाख में महत्वपूर्ण बैठक आयोजित करने को लेकर स्थिति का जायजा लिया। केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह ने राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार, जम्मू–कश्मीर के उप राज्यपाल और गृह मंत्रालय के वरिष्ठ अधिकारियों के साथ चर्चा की, जिसमें गृह सचिव, आईबी के निदेशक, रॉ प्रमुख और जम्मू–कश्मीर के वरिष्ठ अधिकारी शामिल थे, ताकि कोई त्रुटि अगर हो, तो वह न रहे।

देवदार के पेड़ों और पहाड़ियों के शांत सौंदर्य के बीच भाग लेने वाले प्रतिनिधि एक नई गोंडोला सवारी (केबल कार) का आनंद लेंगे, जो एशिया में सबसे ऊंची है।

भारत ने यह कहते हुए पाकिस्तान की आपत्तियों को दरकिनार कर दिया कि जम्मू–कश्मीर भारत का अभिन्न और अविभाज्य अंग है और अनुच्छेद 370 के निरस्त होने से यह अध्याय हमेशा के लिए बंद हो गया है, जिसे अंतरराष्ट्रीय समुदाय ने भी मान्यता दी है। विदेश मंत्रालय ने स्पष्ट कर दिया है कि जी–20 अध्यक्ष के रूप में भारत देश के विभिन्न हिस्सों में ऐसी 200 बैठकें आयोजित कर रहा है, जो इस साल सितंबर या उसके बाद होंगी।

अल्पसंख्यक मुद्दों पर संयुक्त राष्ट्र के विशेष दूत ने आरोप लगाया था कि जम्मू–कश्मीर में मानवाधिकारों का उल्लंघन होता है इसलिए जी–20 को ऐसी जगहों पर बैठकें नहीं करनी चाहिए, लेकिन भारत सरकार ने इसे अनुचित और निराधार बताया। हाल ही में पाकिस्तान के विदेश मंत्री बिलावल भुट्टो जरदारी ने गोवा में विदेश मंत्रियों की बैठक से अलग इस मुद्दे को उठाया, लेकिन भारतीय विदेश मंत्री एस जयशंकर ने इसे सिरे से खारिज कर दिया।

ऐसी आपत्तियों को लेकर भारत सरकार का रुख बिल्कुल स्पष्ट है, क्योंकि पाकिस्तान जैसे देश का जी–20 से कोई लेना–देना नहीं है और देश के सभी राज्यों में बैठकें हो रही हैं और जम्मू और कश्मीर उनमें से एक है। जयशंकर ने पाकिस्तान को फटकार लगाते हुए कहा कि इस पर बहस नहीं की जा सकती है, और खासकर ऐसे देश को, जिसका जी–20 से कोई लेना–देना नहीं है। उन्होंने जोर देकर कहा कि जम्मू–कश्मीर भारत का अंग था, है और हमेशा रहेगा। विशेषज्ञों का मानना है कि भले ही पाकिस्तान गृहयुद्ध के कगार पर है और मार्शल लॉ की ओर बढ़ रहा है, लेकिन वह टांग अड़ाने की आदत और नकारात्मक रवैये से बाज नहीं आएगा, जो श्रीनगर में जी–20 की बैठक आयोजित करने के भारत सरकार के फैसले के उसके रुख से स्पष्ट है।

पाकिस्तान ने श्रीनगर में जी–20 टूरिज्म वर्किंग ग्रुप की बैठक आयोजित करने पर आपत्ति जताई है, क्योंकि इससे पूरी दुनिया का ध्यान इस जीवंत राज्य पर जाएगा। पाकिस्तान ने इसे संयुक्त राष्ट्र के प्रस्तावों का उल्लंघन बताया। यहां तक कि पाकिस्तान के करीबी सहयोगी चीन ने भी पाकिस्तान की आपत्तियों का समर्थन किया और इसलिए इटानगर में अनुसंधान एवं नवाचार पर आयोजित जी–20 की बैठक से दूर रहा। चीन ने कहा कि किसी भी देश को एकतरफा कदम उठाकर क्षेत्र की स्थिति को नहीं बदलना चाहिए।

विश्लेषकों के अनुसार, श्रीनगर और लद्दाख में जी–20 बैठकें आयोजित करने की सबसे बड़ी उपलब्धि अनुच्छेद 370 को निरस्त करने को अंतरराष्ट्रीय मंजूरी मिलना है, जिससे कश्मीर के बारे में पाकिस्तान का दावा खत्म हो गया है। इसके अलावा इससे कश्मीर में पर्यटन के नए युग की शुरुआत हुई है। यह केंद्र शासित प्रदेश अकल्पनीय प्राकृतिक सुंदरता से समृद्ध है।

ये लेखक के अपनें विचार हैं।

# लखनऊ से बैग में 81 लाख की हेरोइन लेकर आ रहे थे तस्कर : सोनभद्र पुलिस ने पकड़ा

सोनभद्र ब्यूरो : रॉबर्ट्सगंज कोतवाली पुलिस, एसओजी व सर्विलांस की संयुक्त टीम को मंगलवार को बड़ी सफलता हाथ लगी। टीम ने बिच्छी तिराहा के पास से 81 लाख रुपये की हेरोइन के साथ दो तस्करों को गिरफ्तार किया। उनका एक साथी फरार हो गया। तस्करों ने पूछताछ में बताया कि वह लखनऊ से हेरोइन की खेप लाकर जिले में बेचते हैं। उनके गिरोह के अन्य सदस्यों की भी पुलिस तलाश कर रही है। पुलिस ऑफिस में एसपी डॉ यशवीर सिंह ने प्रेस वार्ता में बताया कि मादक पदार्थों की तस्करी रोकने के लिए चलाए जा रहे अभियान के तहत एएसपी कालू सिंह के निर्देशन में टीम गठित की गई है। मंगलवार की सुबह मुखबिर की सूचना पर सीओ सदर आशीष मिश्र के नेतृत्व में रॉबर्ट्सगंज कोतवाली पुलिस और एसओजी व सर्विलांस की संयुक्त टीम ने बिच्छी गांव के तिराहा के पास से दो युवकों को पकड़ा। दोनों वाराणसी से आ रही बस से उतरे थे। पुलिस ने उनके बैग की तलाशी ली तो अंदर हेरोइन के पैकेट मिले, जिसका कुल वजन 810 ग्राम था। तस्करों की पहचान रॉबर्ट्सगंज के नई बस्ती निवासी राजा सोनी और अम्बेडकर नगर मोहल्ला निवासी सूरज सोनकर के रूप में हुई। उन्होंने बताया कि वह लखनऊ से हेरोइन लाकर यहां



बेचते हैं। बरामद हेरोइन वह नई बस्ती निवासी अरुण सोनकर को देने वाले थे, तभी पुलिस वहां पहुंच गई। पुलिस को देख बाइक सवार अरुण फरार हो गए। एसपी ने बताया कि बरामद हेरोइन की कीमत 81 लाख रुपये है। तस्करों के गिरोह में शामिल अन्य सदस्यों की तलाश की जा रही है। तस्करों को पकड़ने वाली पुलिस टीम में सीओ आशीष मिश्र के अलावा कोतवाली प्रभारी मनोज कुमार सिंह, सर्विलांस प्रभारी राजेश कुमार सिंह, एसओजी प्रभारी शेषनाथ पाल आदि शामिल रहे। एसपी ने पुलिस टीम को पुरस्कृत करने की भी घोषणा की।

# जागरूकता से लेकर जुर्माना पर जोर : काहे का गीला–सूखा कूड़ा : जब पड़ाव पर हो जा रहे एक

गोरखपुर ब्यूरो : गोरखपुर शहर में सभी मोहल्लों में गीला और सूखा कचरा अलग–अलग लेने का अभियान शुरू किया गया है। इसको लेकर लोगों को जागरूक करते हुए अलग–अलग कूड़ादान रखवाया जा रहा है। सफाई कर्मचारी डोर टू डोर कूड़ा कलेक्शन के दौरान लोगों से गीला और सूखा कूड़ा मांग रहे हैं। लेकिन इसके बाद वह खुद ही लापरवाही बरत रहे हैं। मोहल्लों से इकट्ठा कूड़े को पड़ाव केंद्र पर एक साथ गिरा दे रहे हैं। वहां से कूड़े को डंपिंग ग्राउंड तक एक साथ वाहन में लादकर ले जाया जा रहा है। इस वजह से नगर निगम के अभियान पर पलीता लग रहा है। विशेषज्ञों का कहना है कि इसी वजह से कूड़ा लदे डंपर के गुजरने से भारी बदबू उठती है। नगर निगम के 80 वार्ड से छोटी गाड़ियां कूड़ा उठाती हैं। इनको नजदीक के कूड़ा पड़ाव केंद्र पर ले जाया जाता है। इससे गीला और सूखा गीला एक में मिल जाता है। जबकि स्वच्छ राज्य मिशन की ओर से निर्देश है कि घरों से अलग–अलग कूड़ा लिया जाए, तो उनका निस्तारण भी अलग किया जाए। क्योंकि एक ही डिब्बे में कूड़े को रखने से काफी मात्रा में वह इस्तेमाल करने के लायक नहीं बचता है। हालांकि इसका पूरी तरह से पालन नहीं हो पा रहा है। नगर निगम के अधिकारियों का कहना कि जरूरत लायक गीला कूड़ा को कान्हा उपवन के पास बने कंपोस्ट केंद्र पर भेजा जाता है। जबकि सूखे कचरे को छंटाई के लिए नेताजी सुभाष चंद बोस नगर में बने एमआरएफ सेंटर (मैटेरियल रिकवरी फैसेलिटी) पर ले जाया जाता है। वहां प्लास्टिक, कपड़ों इत्यादि की छंटाई की जाती है। हालांकि अधिकांश जगहों पर यह देखा जाता है कि कबाड़ी ही नगर निगम का आधा काम कर देते हैं। वह कूड़े से बोतल सहित अन्य सामग्री निकाल ले जाते हैं। यह है जुर्माना का नियम घर से कूड़ा अलग नहीं किए जाने पर 200 रुपये जुर्माना का नियम है। घर से निकला हुआ निर्माण कार्य से संबंधी मलबा सड़क पर रखने पर 2000 रुपये जुर्माना। पेड़ों की कटाई और छंटाई के बाद निकला हुआ कचरा सड़क पर रखने पर 2000 रुपये। जानवरों, पक्षियों का अवशेष सड़क पर पाए जाने पर 750 रुपये का जुर्माना लगाया जाएगा। होटल, रेस्टोरेंट आदि का कूड़ा अलग–अलग नहीं देने पर 1000 रुपये का जुर्माना अभियान चला रहे नगर निगम के अधिकारी गोरखपुर शहर में गीला और सूखा कचरा अलग–अलग देने के लिए लगातार अभियान चलाया जा रहा है। लोगों को बताया जा रहा है कि कूड़े को अलग–



अलग ही दें। इससे शहर की सुंदरता बढ़ाने में मदद मिलेगी। साथ ही कूड़े का बेहतर इस्तेमाल हो सकेगा। हरे कूड़ादान में रखें गीला कचरा सब्जी, बचा भोजन, अंडे के छिलके, रसोई का कचरा, फल के छिलके, सड़े फल आदि नीले कूड़ादान में रखें सूखा कचरा बोतलें, कागज कप, प्लेट, पैकेट अखबार, डिब्बे, बॉक्स, पुराने कपड़े, प्लास्टिक, डायपर, सेनिटरी नैपकिन, पट्टियां, टिशू पेपर, रेजन, प्रयोग में लाई हुई सीरिंज, ब्लेड, स्लाइन की बोतलें आदि को कागज में लपेटकर सूखे कचरे वाले डस्टबिन में डालें। इसलिए जरूरी है सूखा और गीला कचरा अलग– अलग रखना पर्यावरणविद् प्रो. गोविंद पांडेय के अनुसार गीला और सूखा कचरा अलग रखना आवश्यक है। गीला कूड़ा के सड़ने से बदबू उठती है। अक्सर ही जब कूड़ा ले जाने वाली गाड़ियां गुजरती हैं, तो उनकी दुर्गंध से लोग परेशान हो उठते हैं। गीला कूड़ा अलग होने से निपटान आसानी से हो जाता है। इसे कंपोस्ट खाद बनाने में इस्तेमाल किया जा सकता है। जबकि सूखे कचरे से अलग–अलग करके उसका दोबारा प्रयोग किया जा सकता है। स्वच्छता रैंकिंग में भी बढ़ते हैं नंबर गीला और सूखा कचरा अलग–अलग एकत्रित करने और कंपोस्टिंग प्लांट की बेहतर व्यवस्था का सीधा फायदा स्वच्छता रैंकिंग को बढ़ाने में मिलेगा। इसके अलावा शहर में स्वच्छता को बढ़ावा मिलेगा। विशेष रूप से डंपिंग केंद्रों पर गंदगी नहीं फैलेगी। सहायक नगर आयुक्त डॉ. मणिभूषण तिवारी ने कहा कि मोहल्लों से उठने वाले कूड़े को नजदीक के पड़ाव केंद्र पर ले जाया जाता है। फिर जरूरी गीला कचरा इकट्ठा करके उसे कान्हा उपवन, महेवा मंडी के पास बने कंपोस्ट सेंटर पर ले जाया जाता है। सूखे कूड़े को नेताजी सुभाष चंद्र बोस नगर के एमआरएफ सेंटर पर ले जाया जाता है। इसमें यदि किसी तरह की लापरवाही मिली तो कार्रवाई की जाएगी।

# अनियंत्रित होकर सड़क किनारे गड्ढे में गिरी इनोवा कार : सात यात्री घायल

बिजनौर ब्यूरो : बिजनौर जनपद के अफजलगढ़ में राष्ट्रीय राजमार्ग गांव टांडा वैरागी के समीप इनोवा कार अनियंत्रित होकर सड़क किनारे गडढे में उतर गई। दुर्घटना में कार में सवार सात लोग घायल हो गए। सूचना पर मौके पर पहुंची पुलिस ने घायलों को राहगीरों की मदद से उपचार के लिए सीएचसी में भर्ती कराया गया। जानकारी के अनुसार नेपाल के महेन्द्रनगर के वेदकोट निवासी इनोवा कार से आठ लोग हरिद्वार गए थे।जब वह मंगलवार को वापस लौट रहे थे जैसे ही वह अफजलगढ़ के गांव टांडा वैरागी के समीप पहुंचे कार चालक देवेन्द्र को नींद की झपकी आने के चलते कार अनियंत्रित होकर सड़क किनारे गडढे में उतर गई। दुर्घटना में कार में सवार खेपड़ी देवी पत्नी दल बहादुर बोहरा



,मदन बहादुर बोहरा पुत्र भाम बहादुर बोहरा, गंगा देवी बोहरा पत्नी नरेन्द्र बोहरा, नरेन्द्र बहादुर बोहरा, गुलकी देवी पत्नी भाम बहादुर बोहरा जनक बहादुर बोहरा पुत्र भाम बहादुर बोहरा व इमा बोहरा पत्नी जनक बोहरा निवासी वेदकोट महेन्द्र नगर नेपाल घायल हो गए । राहगीरों ने 108 एम्बुलेंस की मदद से उपचार के लिए सीएचसी में भर्ती कराया। जहां से प्राथमिक उपचार के बाद घर भेज दिया गया। वे दूसरी कार से अपने गन्तव्य के लिए रवाना हो गए।

# युवक ने चार लोगों के खिलाफ मारपीट कर जान से मारने की धमकी देने का लगाया आरोप

रिपोर्ट–जनार्दन श्रीवास्तव पाली–हरदोई थाना क्षेत्र के अंतर्गत कस्बे के मोहल्ला बाजार निवासी रामेन्द्र पुत्र रामसिंह ने अपने मोहल्ला के ही चार लोगों के खिलाफ मारपीट करने और जान से मारने की धमकी देने की तहरीर पुलिस को दी है। पुलिस को दी तहरीर में रामेन्द्र ने कहा कि वह सोमवार की शाम को अपने घर के बाहर दरबाजे के सामने बैठा था तभी मोहल्ला बाजार निवासी विपक्षी बब्लू पुत्र रामप्रसाद,व रामजी, कुलदीप पुत्र बब्लू ,गुड्डी पत्नी बब्लू आये और मुझे गाली गलौज करने लगे। गाली गलौज का विरोध करने पर उक्त विपक्षी गणों ने मिलकर मुझे लाठी डंडे से मारना शुरू कर दिया। रामेन्द्र के मुताबिक मारपीट के दौरान उसके शरीर में कई जगहें चोटें आईं है। शोरगुल सुनकर मौके पर नीशा व धुन्नू आ गये और मुझे बचाया। तब विपक्षी जान से मारने की धमकी देते हुए भाग गये। तहरीर मिलने के बाद पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है। पीड़ित व्यक्ति ने पुलिस से न्याय दिलाने व कानूनी कार्यवाही की मांग की है।

## जेठ माह के तीसरे बड़े मंगल पर कस्बे में रही भंडारों की धूम

रिपोर्ट–जनार्दन श्रीवास्तव पाली–(हरदोई) तीसरे बड़े मंगलवार को नगर में विभिन्न जगहों पर भंडारा कार्यक्रम का आयोजन किया गया। सुबह से मंदिरों में दर्शनार्थियों का तांता लगना शुरू हो गया। देर रात तक दर्शन और पूजा अर्चना का शिलशिला जारी रहा। इसी के साथ नगर के मंदिरों व सार्वजनिक स्थलों पर श्रद्धालुओं ने भंडारे का आयोजन किया। जगह–जगह शर्बत की शबीलें लगाई गईं। नगर के कई मंदिरों तुरंत नाथ मंदिर, पंथवारी देवी मंदिर, सार्वजनिक स्थलों पुराने बैरियर, रामलीला मैदान आदि स्थानों पर भंडारे का आयोजन हुआ जिसमें परसाद ग्रहण करने वालों का तांता लगा रहा। सदर बाजार भारतीय इण्टर कॉलेज के पास आयोजित भंडारा आकर्षण का केंद्र बना रहा। इस भंडारे में देर शाम तक लोग भंडारे का परसाद लेने के लिए अपनी बारी आने का इंतजार करते रहे। साथ ही श्री हनुमान जी के भजनों पर लोग थिरकते भी रहे। ऐसा प्रतीत हो रहा था जैसे सम्पूर्ण कस्बा राम मय हो गया। इस मौके पर सुनील मिश्रा, अरविंद




बाजपेयी,अशोक मिश्रा, नीशू बाजपेयी, मुकेश मिश्रा, नन्हें बाजपेयी,विष्णुकांत बाजपेयी,रजनीश बाजपेयी, शिव शंकर, वेदांश बाजपेयी,तेजस्व बाजपेयी, सरोज मिश्रा, आदि लोगों ने श्री हनुमान जी की पूजा अर्चना करने के बाद भंडारा शुरू कराया। भंडारे में काफी संख्या में लोगों ने शामिल होकर देर रात तक परसाद ग्रहण करने का शिलशिला जारी रहा।

# गलत बिजली बिल की शिकायत करने पर सात दिन में सुधार नहीं तो मिलेगा मुआवजा

लखनऊ ब्यूरो : क्या आपका गलत बिजली बिल शिकायत करने के सात दिन के भीतर नहीं सुधारा गया है? ट्रांसफॉर्मर फुंक गया है, लेकिन बार–बार फोन करने पर भी इंजीनियर ध्यान नहीं दे रहे हैं? तो अब आप आसानी से पहली समस्या के लिए 50 रुपये और दूसरी के लिए 150 रुपये प्रतिदिन के हिसाब से मुआवजा पा सकते हैं। इसके लिए उपभोक्ता को टोल फ्री नंबर 1912 पर पहले अपनी शिकायत दर्ज करानी होगी और फिर समय से समाधान न मिलने पर इसी नंबर पर मुआवजे के लिए आवेदन करना होगा। यानी अब बिजली से जुड़ी समस्या में शिकायत के बाद भी समाधान नहीं होता है तो उपभोक्ता को मुआवजा मिलेगा। इस संबंध में पावर कॉर्पोरेशन के अध्यक्ष एम देवराज ने आदेश जारी कर दिया है। टोल फ्री नंबर 1912 पर मुआवजे की मांग करने पर उपभोक्ता को इसके लिए एक अलग शिकायत नंबर मिलेगा। फिर मुआवजा प्रक्रिया स्वतः ऑनलाइन शुरू हो जाएगी। मुआवजे का हकदार पाए जाने पर इसे उपभोक्ता के बिल में समायोजित किया जाएगा। इसके लिए पावर कॉर्पोरेशन ने ऑनलाइन सॉफ्टवेयर तैयार करवा लिया है। अधिकतम 60 दिन में मुआवजा मिल जाएगा। हालांकि, बकाएदार उपभोक्ताओं को इस सुविधा का लाभ नहीं मिलेगा। फिक्स चार्ज का अधिकतम 30ः ही मिलेगा मुआवजा प्रदेश में सिटीजन चार्टर ''उत्तर प्रदेश विद्युत नियामक आयोग (प्रदर्शन का मानक) विनियमावली–2019'' फरवरी 2020 से लागू है। उत्तर प्रदेश विद्युत नियामक आयोग की वेबसाइट पर भी उपलब्ध है। इसमें विस्तार से बताया गया है कि कौन सी सुविधा तय समय के भीतर न मिलने पर उपभोक्ता कितना मुआवजा ले सकते हैं। मगर इसका समुचित लाभ



उपभोक्ताओं को नहीं मिल पा रहा है। मुआवजा पाने की प्रक्रिया को आसान करने के लिए उत्तर प्रदेश राज्य विद्युत उपभोक्ता परिषद भी लगातार आवाज उठा रहा था। पावर कॉर्पोरेशन के अध्यक्ष एम देवराज ने आदेश में कहा है कि नियामक आयोग की वेबसाइट पर उपलब्ध प्रावधानों व नियमों का पालन करने के निर्देश पहले ही जारी किए जा चुके हैं। इसी क्रम में ऑनलाइन प्रणाली के माध्यम से उपभोक्ताओं को कस्टमर केयर सेंटर के टोल फ्री नंबर 1912 के माध्यम से आवेदन करने और क्षतिपूर्ति करने का प्रावधान कर दिया गया है। इसके मुताबिक सेवाओं में कमी और समस्याओं का हल नहीं मिलने पर उपभोक्ता मुआवजे का हकदार होंगे। हालांकि उपभोक्ता को एक वित्त वर्ष में उसके फिक्स चार्ज या डिमांड चार्ज के 30 प्रतिशत से अधिक का मुआवजा नहीं दिया जाएगा। इसे ऐसे समझ सकते हैं कि अगर किसी उपभोक्ता का 1 किलोवाट का भार है और महीने में 100 रुपये प्रति किलोवाट फिक्स चार्ज देता है, तो उसका पूरे साल का फिक्स चार्ज 1200 रुपये हुआ। उस उपभोक्ता को उस वित्त वर्ष में अधिकतम 360 रुपये का मुआवजा ही मिलेगा।

## सेवायोजन कार्यालय परिसर में रोजगार मेला का आयोजन 24 मई को

जौनपुर सू.वि. : निदेशक, प्रशिक्षण एवं सेवायोजन उ0प्र0 के निर्देश के क्रम में जिला सेवायोजन कार्यालय परिसर निकट नारायण नर्सिंग होम जौनपुर में 24 मई 2023 को प्रातः 10:00 बजे रोजगार मेला का आयोजन किया गया है। जिसमें निजी क्षेत्र की 09 कम्पनियों के द्वारा शैक्षिक योग्यता :– हाईस्कूल, इण्टर, आई0टी0आई0 एवं स्नातक उत्तीर्ण आयु सीमा 18 से 35 वर्ष के अभ्यर्थियों को कैम्पस सलेक्शन करेंगी, जिसमें अभ्यर्थी अपने योग्यतानुसार प्रतिभाग करते हुए विभिन्न पदों पर साक्षात्कार के माध्यम से रोजगार प्राप्त करें। जिला सेवायोजन अधिकारी राजीव कुमार सिंह एवं सहायक सेवायोजन अधिकारी श्री शशिकान्त सरोज ने बताया की रोजगार मेला में सम्मिलित होने के लिए अभ्यर्थियों को अपने साथ समस्त शैक्षिक अभिलेखों की छायाप्रति आई0डी0प्रूफ बायोडाटा सहित प्रतिभाग करें। सेवायोजन वेब पोर्टल– www.sewayoja.up.nic.in के माध्यम से भी अभ्यर्थियों को अधिक से अधिक संख्या में प्रतिभाग करने की अपील की है।

# जिलाधिकारी द्वारा कलेक्ट्रेट सभागार में वर्ष 2023–24 ड्रेनों की सफाई के संबंध में आवश्यक बैठक संपन्न



जौनपुर सू.वि. : जिलाधिकारी श्री अनुज कुमार झा की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में वर्ष 2023–24 ड्रेनों की सफाई के संबंधा में आवश्यक बैठक की गई। बैठक में जनपद जौनपुर में लगभग 698 किलोमीटर लंबाई की ड्रेनों की सफाई का कार्य, जिसकी कुल लागत 04 करोड़ 24 लाख है, कि कार्ययोजना अनुमोदित की गई। सफाई का कार्य अधिशासी अभियंता शारदा सहायक खंड–36 जौनपुर, शारदा सहायक खंड–39 प्रयागराज एवं सिंचाई खंड सुल्तानपुर–2 और सिंचाई खंड जौनपुर के द्वारा किया जाएगा। जिलाधिकारी ने सभी अधिकारियों को निर्देशित किया है कि सफाई का कार्य बरसात के पहले पूर्ण कर लिया जाए और मुख्य विकास अधिकारी के द्वारा गठित टीम से सत्यापन करा लिया जाए। इस अवसर पर जिला विकास अधिकारी बी.बी.सिंह, अधिशासी अभियंता शारदा सहायक खंड–36 जौनपुर, अधिशासी अभियंता शारदा सहायक खंड–39 प्रयागराज, सिंचाई खंड सुल्तानपुर–2 एवं अधिशासी अभियंता सिंचाई खण्ड जौनपुर विपिन कुमार उपस्थित रहे।

# जिलाधिकारी अनुज कुमार झा की उपस्थित में एस एल डब्ल्यू एम के सम्बन्ध में बैठक सम्पन्न

जौनपुर डीकेयू ब्यूरो : जिलाधिकारी श्री अनुज कुमार झा की उपस्थित में एस एल डब्ल्यू एम के सम्बन्ध में बैठक कलेक्ट्रेट सभागार में सम्पन्न हुई। बैठक में जनपद के 28 ग्राम पंचायत के सचिव एवं सम्बंधित ग्राम प्रधानों के द्वारा बारी – बारी प्रेजेंटेशन दिया गया। उन्होंने बताया विस्तार से बताया कि किस प्रकार गाँव को ओडीएफ प्लस बनाया जाएगा। गाँव मे घर घर से कूड़ा उठाने के लिए, ई रिक्शा या साईकिल रिक्सा लेने पर चर्चा हुई। जिलाधिकारी ने बताया कि घर–घर से कूड़ा उठेगा, नालियों की सफाई होगी इसके सम्बन्ध में गाँव मे बैठकर लोगों को बताये। उन्होंने स्वच्छ भारत मिशन योजनांतर्गत संचालित विभिन्न कार्यक्रमों का गुणवत्तापूर्ण एवं समयबद्ध क्रियान्वयन करने के निर्देश संबंधित विभागीय अधिकारी को दिए। जिलाधिकारी ने निर्देश दिया कि सभी ग्राम प्रधान एवं सचिव आम जनमानस को जागरूक करते हुए उनके व्यवहार के परिवर्तन लाया जाए। कहा कि कूड़ा प्रबंधन के लिए लिए जमीन चिन्हित करा लें, जलजमाव वाली जगहों पर पर सोख्ता बनाये, नालियां बनाई जाए। ग्राम प्रधान अभियान चलाये लोगो से श्रम दान कराकर गांव को स्वच्छ बनाने में सहयोग करें। डीपीआरओ ने बताया की स्वच्छ भारत मिशन (ग्रामीण) के



तहत जनपद की 943 ग्राम पंचायते एवं 1478 राजस्व गाँव चयनित किया गए है। 509 गाँव मे ग्राम स्वच्छता कार्ययोजना बन चुकी है। जिलाधिकारी ने निर्देश दिया की गाँव मे पेयजल की उपलब्धता रहे। तालाब भर लिए जाए। अगले 02 महीने में कैम्प लगाकर पात्र लोगो का आवेदन एवं पुराने लाभार्थियों का सत्यापन किया जाएगा। लंबित वरासत के लिए भी अभियान चलाया जा रहा हैं। पट्टे के लक्ष्य भी पूर्ण कर लिए जाए। शिकायतें के सम्बंध में लेखपाल एवं पंचायत सचिव रजिस्टर बनाकर अंकित कराएंगे ताकि गुणवत्ता पूर्ण निस्तारण कराया जा सकेगा। स्वामित्व योजना के सम्बंध में त्रीव गति से कार्य किया जाएगा। पंचायत सचिव सम्पत्ति रजिस्टर बना ले। हैंडपंप रिबोर के ब्लॉक से सत्यापन के उपरांत ही किया जाएगा। स्वछता अभियान चलाए, एडीओ पंचायत अच्छे से सफाई करा लें।

# संगत पंगत एक सामाजिक संगठन हैं जो समाजहित में कर रही अनेक कल्याणकारी कार्य –राकेश श्रीवास्तव

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : सामाजिक संगठन संगत पंगत जौनपुर का स्थापना दिवस मंगलम लान में धूमधाम से केक काटकर मनाया गया ।इस अवसर पर एक विचार गोष्ठी का आयोजन भी हुआ। कार्यक्रम की अध्यक्षता संगत पंगत के जिलाध्यक्ष पंकज श्रीवास्तव हैप्पी ने किया संचालन जिला महामंत्री अजय वर्मा ने किया। विचार गोष्ठी को संबोधित करते हुए कायस्थ महासभा के प्रदेश महासचिवध्जिलाध्यक्ष ध् संगत पंगत के संरक्षक राकेश कुमार श्रीवास्तव कर्मचारी नेता ने कहा कि संगत पंगत एक सामाजिक संगठन हैं जो समाजहित में अनेक कल्याणकारी कार्य कर रही हैं व कम समय में जौनपुर में एक पहचान बनाई है व लोगो को एकजुट किया। संगत पंगत के जिलाध्यक्ष पंकज श्रीवास्तव हैप्पी ने कहा कि संगत पंगत सबके सुखदुःख में भागेदारी हेतु दृढ़संकल्प हैं संगत पंगत के प्रदेश अध्यक्ष मनोज लाल जी के नेतृत्व में पूरे प्रदेश में कार्य कर रही हैं कायस्थ कल्याण समिति के अध्यक्ष दयाल सरन श्रीवास्तव ने कहा कि आज जौनपुर में संगत पंगत ने सभी संगठनों को एकजुटता करने का कार्य किया है। कायस्थ महासभा के राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष संजय श्रीवास्तव एडवोकेट ने कहा कि संगत पंगत व कायस्थ महासभा एक दूसरे के पूरक है और मिलकर समाज के लिए कार्य कर रहे है। कायस्थ महासभा के जिलाध्यक्ष मनोज श्रीवास्तव एडवोकेट ने कहा कि पंकज श्रीवास्तव के नेतृत्व में संगत पंगत ने एक साल में अनेक कार्य किया। कायस्थ एकता मंच के जिलाध्यक्ष दयाशंकर निगम ने कहा कि जल्दी ही सभी संगठन मिलकर एक विशाल कार्यक्रम करेंगे। संगत पंगत के



प्रदेश सहसंयोजक व कायस्थ महासभा के राष्ट्रीय महासचिव राजेश श्रीवास्तव बच्चा भइया ने कहा कि संगत पंगत के संस्थापक आर के सिन्हा राज्यसभा सांसद के नेतृत्व में पूरे विश्व में काम कर रही हैं हर साल राष्ट्रीय अधिवेशन होता है। इस बार राष्ट्रीय अधिवेशन झारखंड में होने की संभावना है। कार्यक्रम में वरिष्ठ उपाध्यक्ष संगत पंगत विश्व प्रकाश श्रीवास्तव दीपक पत्रकार , कोषाध्यक्ष शरद श्रीवास्तव, महा सचिव संगठन अभय कुमार श्रीवास्तव ग्रामीण पत्रकार संघ के जिलाध्यक्ष संजय अस्थाना पत्रकार, कायस्थ महासभा के वरिष्ठ जिला उपाध्यक्ष श्याम रतन श्रीवास्तव, संरक्षक चंद्रमोहन श्रीवास्तव, डॉ संजय श्रीवास्तव, सुप्रसिद्ध गायक विजय श्रीवास्तव,अनुपम श्रीवास्तव, सोम वर्मा, अमर श्रीवास्तव, डॉ. विजय श्रीवास्तव . राजेश श्रीवास्तव ,संतोष श्रीवास्तव, संदीप श्रीवास्तव पत्रकार ,सचिव संगत पंगत अनीस श्रीवास्तव,रूद्र प्रताप श्रीवास्तव, डॉ प्रतिमा श्रीवास्तव कल्पना श्रीवास्तव रश्मि श्रीवास्तव, ममता श्रीवास्तव, प्रियंका श्रीवास्तव, राकेश श्रीवास्तव ,हरिशचन्द्र श्रीवास्तव, संजीव श्रीवास्तव गोल्डी श्रीवास्तव, संतोष निगम,अनिल श्रीवास्तव, श्रेयांश श्रीवास्तव सहित अनेक चित्रांश बंधु उपस्थित रहे।

# संगम में स्नान कर रहे दो युवक डूबे : गोताखोर खोजबीन में जुटे : पांच दिन में छह लोग पानी में समाए

प्रयागराज ब्यूरो : स्नान करते समय संगम में दो युवक डूब गए। हादसा सोमवार को सुबह करीब 10 बजे हुआ। साथ में स्नान कर रहे लोगों के शोरगुल मचाने के बाद जल पुलिस और गोताखोर के जवान खोजबीन में जुट गए हैं। बताया जाता है कि सतना मध्य प्रदेश के निवासी बबलू (23) और आदित्य (28) प्रयागराज आए थे और सुबह स्नान करने के लिए संगम पहुंच गए थे। संगम के अलावा संगम के उस पर अरैल घाट पर भी खोजबीन की जा रही है। कई घंटे बीत जाने के बाद भी उनका कुछ पता नहीं चला है। पुलिस भी मौके पर पहुंच गई है। मध्य प्रदेश के दो युवक प्रयागराज आए थे और सोमवार को स्नान के लिए संगम पहुंच गए थे। वह किले के पास स्थित वीआईपी घाट पर स्नान कर रहे थे। इसी दौरान दोनों गहराई में जाने पर डूबने लगे। साथ में स्नान कर रहे लोगों के शोरगुल मचाने पर लोगों को घटना की जानकारी हुई। संगम तट पर तैनात जल पुलिस भी पहुंच गई और खोजबीन में जुट गई है। घटना के बाद घाट पर काफी भीड़ जमा हो गई है। एक सप्ताह में छह लोग डूबे प्रयागराज में पांच दिन के भीतर छह युवकों के गंगा में डूबने की घटना हो चुकी है। बृहस्पतिवार को एमएनएनआई से बीटेक करने वाले दो छात्र दीपेंद्र सिंह निवासी अलवर राजस्थान और विकास मौर्य भिखारीपुर मऊ कोटेश्वर महादेव मंदिर शिवकुटी में गंगा स्नान करते समय डूब



गए थे, जिनका शव दो दिन बाद बरामद हुआ था। शनिवार को फाफामऊ के पास गंगा में शांतिपुरम फाफामऊ के रहने वाले छात्र चाहत द्विवेदी और कृष्णा मिश्रा डूब गए थे। दूसरे दिन इनका शव कर्जन ब्रिज के नीचे पानी में उतराया मिला था। घटना को दो दिन भी नहीं बीते कि संगम में फिर दो छात्रों के डूबने की सूचना मिल रही है। गर्मी बढ़ने के कारण बड़ी संख्या में लोग गंगा और संगम स्नान के लिए जा रहे हैं। घाटों की स्थिति का अंदाज न होने के कारण वह गहराई में चले जा रहे हैं। कई घाटों पर तो पुलिस की ओर से खतरे के निशान से संबंधित संकेतक नहीं लगाए गए हैं न ही कोई बैरिकेडिंग की गई है।

# संदिग्ध परिस्थितियों में गन्ने के खेत में मिला किशोर का शव : क्षेत्र में सनसनी

सुल्तानपुर ब्यूरो आलोक श्रीवास्तव : दलित किशोर का गन्ने के खेत में मिला शव। दो दिन पूर्व से गायब था किशोर। शव मिलने से परिजनों में मचा कोहराम। सूचना पर पहुंची पुलिस पड़ताल में जुटी। चांदा कोतवाली के साढापुर गांव का मामला। चांदा कोतवाली के देवाढ गांव का रहने वाला था दलित किशोर। एसपी सोमेन वर्मा बोले,किशोर के लापता होने की दो दिन पूर्व दर्ज की गई थी गुमशुदगी ।पोस्टमार्टम रिपोर्ट के आधार पर खोला जाएगा घटना का राज। तहरीर पर पंजीकृत किया जाएगा मुकदमा।

## शादी का झांसा देकर शारीरिक शोषण का आरोप

जौनपुर क्राईम ब्यूरो धनंजय विश्वकर्मा : प्यार का यह येसा किस्सा जानकर आप हैरान हो जाएंगे. जिसमे एक लड़का यादव जाति का और लड़की राजभर जाति से प्यार मोहब्बत इतना बढ़ गया कि दोनों एक साथ जिने मरने को तैयार हो गए। मन्दिर में शादी भी कर लिया, उसके बाद





नवविवाहित को छोड़ कर गायब हो गया। जाती वाद को देखते हुए आखिरकार परिवार वालों ने एक दूसरे को अलग कराने में लग गए। बतादे कि सरायख्वाजा थाना क्षेत्र के सतहड़ा गांव के निवासी किरन राजभर पुत्री उदय राजभर ने आरोप लगाया है कि मेरे गांव के बगल का एक लड़का जिसका नाम गौरव यादव पुत्र शिव सागर यादव ग्राम जंगीपुर खुर्द थाना सरायख्वाजा का निवासी है जो प्रार्थिनी के साथ विगत तीन साल से शादी का झांसा देकर शारीरिक संबंध बनाता था.और महिला का आरोप है कि उसके पेट में छह माह का गर्भवती है। और युवक दूसरी शादी रचाने जा रहा था ।पता चलने पर गौरव यादव के खिलाफ प्रार्थना पत्र 28 अप्रैल 2023 को थाना सरायख्वाजा पर दिया। तब दोनों पक्षों को थाने पर पुलिस ने बुलाया। प्रार्थनीय और गौरव यादव को शादी करने के लिए चौकिया मंदिर जौनपुर में भेजा। हिन्दू रीत रिवाज से शादी हुआ। शादी सम्पन्न होने के बाद वहाँ मौजूद शिवम यादव, संतोष यादव, शुभम यादव, रोहित कनौजिया निवासी जंगीपुर खुर्द थाना उपरोक्त ने मिल कर के किरन राजभर के पति गौरव यादव पुत्र शिवसागर को फोर व्हीलर गाड़ी में लेकर चले गए ।किरन का आरोप है कि मेरे पति को उठाने में शिव सागर यादव पुत्र रामजीत रामजीत का हाथ है। महिला ने सोमवार को सराय ख्वाजा थाना अध्यक्ष को प्रार्थना पत्र देकर के न्याय की गुहार लगाई।

# कौशल विकास की छात्राओं को निशुल्क ड्रेस वितरण

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : मंगलवार को सिंगरामऊ के गौरीशंकर मंदिर स्थित ठाकुरबाड़ी महिला विकास कल्याण समिति परिसर में




कौशल विकास की छात्राओं को निःशुल्क ड्रेस वितरण किया गया। केंद्र प्रबंधक डॉ अंजू सिंह ने बताया कि परिसर में इस समय डोमेस्टिक डेटा एंट्री ऑपरेटर का प्रशिक्षण पीएमजी कॉमर्स प्रशिक्षण प्रदाता के द्वारा उत्तर प्रदेश कौशल विकास मिशन के नियमो के अनुरूप संचालित हो रहा है ।उक्त के क्रम में सभी छात्राओं को निशुल्क ड्रेस व निशुल्क कोर्स मटेरियल का वितरण कौशल विकास के एमआईएस मैनेजर शिवम सिंह की उपस्थिति में वितरित किया गया।

## गढ़ी में लापता युवक की गला रेतकर हत्या : पहचान मिटाने हेतु तेजाब से जलाया चेहरा

मुजफ्फरनगर ब्यूरो : मुजफ्फरनगर के जानसठ क्षेत्र के गांव गढी से संदिग्ध हालात में लापता युवक की गला रेतकर हत्या कर दी गई। शव गांव के पास एक गन्ने के खेत में पड़ा मिला। हत्यारों ने पहचान छुपाने को मृतक के चेहरे को तेजाब डालकर जलाया। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर



पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। कोतवाली जानसठ के गांव गढ़ी निवासी जावेद (30) पुत्र मेहंदी हसन रविवार को घर से लापता हो गया था। मंगलवार सुबह ग्रामीण खेत में पहुंचे, तो उन्हें गन्ने खेत में पड़ा हुआ एक शव दिखाई दिया। शव को देखकर उन्होंने पुलिस को और गांव में इसकी सूचना दी। कोतवाली प्रभारी दिनेश कुमार पुलिस के साथ मौके पर पहुंचे। शव की पहचान जावेद उर्फ भूरा पुत्र मेहंदी हसन के रूप में हुई। उसकी हत्या गला रेत कर की थी तथा उसकी पहचान छिपाने के लिए चेहरे के ऊपर तेजाब डालकर जलाया गया। पुलिस ने उसके शव को पोस्टमार्टम के लिए भिजवा दिया। मृतक के परिजनों ने बताया कि वह गांव के पास ही ईंट के भट्टे पर मजदूरी करता था। रविवार से घर से गायब हो गया था। उन्होंने उसे काफी तलाश भी किया था, लेकिन उसका कोई पता नहीं चला सका था। हत्या की वजह स्पष्ट नहीं हो सकी है।

# गोरखपुर में रोइंग प्रतियोगिता: बदलने लगा रामगढ़ताल का नजारा : भोपाल से पहुंची नाव

गोरखपुर ब्यूरो : गोरखपुर के रामगढ़ताल में आयोजित होने वाली रोइंग प्रतियोगिता की तैयारियों से रामगढ़ताल क्षेत्र का नजारा बदला हुआ दिख रहा है। प्रतियोगिता के लिए भोपाल से 25 नाव वाटर स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स पहुंच चुकी हैं। सोमवार को भोपाल से आई टीम ने नाव की एसेंबलिंग का काम शुरू कर दिया। 25 और 26 मई को नाव का ट्रायल होगा। संभावना है कि 27 मई को मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ प्रतियोगिता का उद्घाटन करेंगे। उनके साथ कई मंत्री भी उद्घाटन कार्यक्रम में शामिल हो सकते हैं। नए रूप में दिख रहा है रामगढ़ताल क्षेत्र 27 से 31 मई के बीच रामगढ़ताल में होने वाली रोइंग प्रतियोगिता से पूर्व ये पूरा क्षेत्र बदला–बदला नजर आ रहा है। पैडलेगंज से नौकायान की ओर मुड़ते ही रेलिंग के रंगरोगन का काम होता दिख दिखा। रामगढ़ताल में प्लेटफार्म तैयार किया जा रहा है। जगह–जगह खेलो इंडिया यूनिवर्सिटी गेम्स की होर्डिंग लगा दी गई है। इसके साथ ही आसपास के दीवारों पर कलाकारों द्वारा पेंटिंग बनाई जा रही है। नाव को असेंबलिंग कर रही है आठ सदस्यीय टीमः प्रतियोगिता के लिए नाव को तैयार करने और उनके ट्रायल का जिम्मा वॉटर स्पोर्ट्स एकेडमी, भोपाल के कैप्टन दलवीर सिंह राठौर के पास है। उनके साथ आठ सदस्यीय टीम भी है, इसमें कोच और मैनेजर सुषमा राठौर, मनोज सक्सेना, सुरेंद्र सिंह भदौरिया, हितेश बॉथम, रोहित सेंधव, भगवान सिंह, योगेश ठाकुर शामिल हैं। 30 तरह की प्रतिस्पर्धाएं स्पोर्ट्स अथॉरिटी ऑफ इंडिया के दिशा निर्देशों के मुताबिक रोइंग प्रतियोगिता में 2000 मीटर व 500 मीटर के लिए पुरूष वर्ग में 8–8 और महिला वर्ग में सात–सात प्रतिस्पर्धाएं होंगी। गोरखपुर



के रामगढ़ताल में होने वाले इन सभी 30 प्रतिस्पर्धा में देश के अलग अलग 24 विश्वविद्यालयों के कुल 471 खिलाड़ी प्रतिभाग करेंगे। साथ में कोच व सपोर्टिंग स्टाफ भी होंगे। इन विश्वविद्यालयों ने कराया पंजीकरण प्रतियोगिता के लिए एलएन मिथिला विश्वविद्यालय दरभंगा, गुरु नानक देव विश्वविद्यालय अमृतसर, गुरु काशी विश्वविद्यालय पंजाब, केआईआईटी भुवनेश्वर, महात्मा फुले कृषि विद्यापीठ रहुरी महाराष्ट्र, एमआईटी आर्ट, डिजाइन एंड टेक्नोलॉजी विश्वविद्यालय पुणे, उस्मानिया विश्वविद्यालय हैदराबाद, पंजाब विश्वविद्यालय चंडीगढ़, पीपुल्स एजुकेशन सोसायटी (पीईएस) विश्वविद्यालय बंगलुरु, पंजाब विश्वविद्यालय पटियाला, शिवाजी विश्वविद्यालय कोल्हापुर, श्री रामचंद्र इंस्टिट्यूट ऑफ हायर एजुकेशन एंड रिसर्च चेन्नई, सिस्टर निवेदिता विश्वविद्यालय कोलकाता, सावित्री बाई फुले विश्वविद्यालय पुणे, मद्रास विश्वविद्यालय, चंडीगढ़ विश्वविद्यालय मोहाली, राजेंद्र सिंह विश्वविद्यालय प्रयागराज, कलकत्ता विश्वविद्यालय, लवली प्रोफेशनल यूनिवर्सिटी फगवाड़ा, केरला विश्वविद्यालय, यशवंतराव चव्हाण महाराष्ट्र ओपन यूनिवर्सिटी नासिक, भारती विद्यापीठ पुणे, खुशाल दास विश्वविद्यालय राजस्थान, कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय कुरुक्षेत्र ने पंजीकरण कराया हैं।

## राष्ट्रीय ताइक्वांडो चैंपियनशिप में जौनपुर के खिलाड़ियों ने किया शानदार प्रदर्शन : खिलाड़ियों ने जीता पांच गोल्ड 4 सिल्वर सहित 9 मेडल

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : जम्मू में आयोजित राष्ट्रीय ताइक्वांडो चौंपियनशिप में जौनपुर के खिलाड़ियों ने शानदार प्रदर्शन के बल पर उत्तर प्रदेश की तरफ से 5 गोल्ड 4 सिल्वर सहित नौ मेडल अर्जित किया खिलाड़ियों ने इसका श्रेय अपने प्रशिक्षक को संजीव कुमार साहू को दिया जिनकी देखरेख में लगातार जौनपुर के खिलाड़ियों ने नेशनल स्तर पर खेल कर और मेडल जीत रहे हैं इस टूर्नामेंट में सीनियर वेट कैटेगरी में अश्विन पांडे शिवानी पांडे जूनियर वेट केटेगरी में विपिन कनौजिया मोहम्मद निहाल सब जूनियर में नूर मोहम्मद कृतार्थ गुप्ता अध्यम सिंह अध्य सिंह वंश जायसवाल ने जौनपुर का नाम रोशन किया। गोल्ड मेडल विजेता खिलाड़ी शिवानी पांडे अश्विन पांडे नूर मोहम्मद मोहम्मद मिन्हाल आध्या सिंह । सिल्वर मेडल कृतार्थ गुप्ता विपिन कनौजिया वंश जयसवाल। जौनपुर सिटी स्टेशन पर पहुंचने पर खिलाड़ियों के परिजनों द्वारा व एसोसिएशन के मैनेजर शुभम गुप्ता द्वारा माला फूल गाजा बाजा के द्वारा स्वागत किया गया। कोच



संजीव कुमार साहू ने बताया कि जौनपुर के खिलाड़ी इसी तरह मेहनत करते रहें तो वह दिन दूर नहीं जब इन खिलाड़ियों का चयन ओलंपिक व एशियन स्तर पर होगा ।इस अवसर पर परिजनों ने स्टेशन पर पहुँचकर बच्चों का उत्साह बढ़ाया। जिसमें प्रमुख रूप से विकास वर्मा संतोष पांडे अली मोहम्मद अली कैसर मोहम्मद मेहताब अमित निगम कुंवर अरविंद सिंह व तमाम लोग उपस्थित रहे।

# एसआईबी की टीम ने सात जगहों पर मारा छापा : फर्जी खरीद–बिक्री दिखा करोड़ों की आईटीसी का लिया लाभ

अलीगढ़ ब्यूरो : जीएसटी एसआईबी की टीम ने सोमवार को अग्रवाल फैरो मेटैलिक प्राइवेट लिमिटेड, सुरेश चंद अग्रवाल एंड कंपनी सहित पांच जगहों पर छापा मारा कार्रवाई में करोड़ों रुपये की आईटीसी का लाभ लेने का मामला सामने आया। अलीगढ़, हाथरस, एटा सहित कई अन्य जिलों के जीसएटी अफसर जांच में शामिल थे। जीएसटी एडिशनल कमिश्नर ग्रेड वन आरएन शुक्ला, एडिशनल कमिश्नर एसआईबी ग्रेड टू यूपी सिंह के निर्देश पर जेसी एसआईबी गुलाब चंद, जेसी एसआईबी सतेंद्र गौतम के निर्देशन में डीसी एसआईबी पंकज कुमार सिंह ने सात टीमों के साथ सोमवार को बौनेर स्थित अग्रवाल फैरो मेटैलिक प्रा.लि. की दो फर्मों पर छापा मारा। यहां करोड़ों रुपये की आईटीसी का लाभ लिया गया। इस दौरान काफी मात्रा में बिना बिलों के माल मिला। एसआईबी छापेमारी अग्रवाल फैरो को माल सप्लाई करने वाली अन्य फर्में खुशबू स्टील जमालपुर, अमित स्क्रैप गूलर रोड गली नंबर एक व इनके गोदामों की भी जांच की गई। मामू भांजा, आयल मिल कंपाउंड, फूल चौराहा व धनीपुर मंडी स्थित गोदामों में भी काफी मात्रा में माल मिला। धनीपुर मंडी में केमिल मिला। एसआईबी की जांच टीम को गूलर रोड स्थित अमित स्क्रैप पर 150 टन माल सीज किया। इसके अलावा खरीद बिक्री की कच्ची रसीदें मिली। प्रारंभिक जांच में एक करोड़ रुपये से अधिक की गलत आईटीसी का लाभ लेने का मामला है। अमित स्कैप पर पहले भी सेंट्रल जीएसटी के अधिकारियों ने जांच की थी। वहीं जमालपुर स्थिति खुशबू स्टील पर 18 टन माल सीज किया है। छापामारी में ज्वाइंट कमिश्नर एसआईबी गुलाब चंद, ज्वाइंट कमिश्नर एसआईबी सतेंद्र गौतम, डिप्टी कमिश्नर एसआईबी पंकज कुमार सिंह, डीसी एसआईबी आरके सिंह, हाथरस डीसी आरपीएस कौंतेय, डीसी मनीष गुप्ता, डीसी बामदेव त्रिपाठी, डीसी हाथरस राजकुमार, डीसी अभिषेक प्रताप सिंह चौहान एटा, डीसी श्याम नारायन, एसी आदित्ये मिश्रा, ईशा गौतम, प्रतिभा राय मौजूद रहीं। छापामारी का विरोध करने पहुंचे व्यापारी संगठन जीएसटी छापामारी के दौरान उद्योग व्यापार प्रतिनिधि मंडल उप्र. के पदाधिकारी गूलर रोड स्थित अमित स्क्रैप पर पहुंच गए। जिलाध्यक्ष प्रदीप गंगा के नेतृत्व में पहुंचे व्यापारियों ने छापामारी का विरोध किया। इस दौरान अफसरों से तीखी नोंकझोंक भी हुई। जांच अफसरों पर उत्पीड़न करने का आरोप लगाया। प्रदीप गंगा ने अधिकारियों पर घर में जबरन घुसने का आरोप लगाया। उन्होंने कहा कि जांच केवल फर्जी फर्मों की जानी थी, लेकिन अधिकारी मनमानी पर उतारू हो गए हैं। व्यापार मंडल इसको बर्दाश्त नहीं करेगा। व्यापारी नेता हरिकिशन अग्रवाल ने कहा कि अफसरों को आवास में जांच करने का अधिकार नहीं है। हंगामा बढ़ने पर अधिकारियों ने पुलिस को बुला लिया। यहां हुई कार्रवाई अग्रवाल फैरो मेटैलिक प्राइवेट लिमिटेड बौनेर, मामू भांजा स्थित दफ्तर, फूल चौराहा, सुरेश चंद अग्रवाल एंड कंपनी धनीपुर, अमित स्क्रैप गूलर रोड, अमित स्क्रैप गोदाम खैर रोड, खुशबू स्टील जमालपुर। एसआईबी की रूटीन जांच चल रही हैं। शासन की गाइड लाइन के अनुसार जांच हो रही है। बिना वजह किसी को परेशान नहीं किया जाएगा। सभी मामलों की रिपोर्ट मुख्यालय भेजी जा रही है। –यूपी सिंह, एडिशनल कमिश्नर एसआईबी ग्रेड दो अग्रवाल फैरो मेटैलिक प्राइवेट लिमिटेड की दो फर्मों समेत पांच जगहों पर जांच की गई। इसमें अमित स्क्रैप, खुशबू स्टील व सुरेश चंद्र अग्रवाल एंड कंपनी शामिल है। फर्जी तरीके से करोड़ों रुपये की आईटीसी लेने का मामला सामने आया है। पूर्व में कई वाहन बिना दस्तावेजों के सचल दल ने पकड़ा था। अमित स्क्रैप इव अन्य ठिकानों पर अघोषित माल मिला, जिसे सीज किया है। अमित स्क्रैप की फैक्ट्री व आवास एक ही कैंपस मिले। नियम अनुसार ही जांच की गई है। दो महिला अधिकारी भी साथ में थीं। सभी को नोटिस जारी कर दिया गया है। –पंकज कुमार सिंह, डीसी एसआईबी आज की जीएसटी की छापे मारी का उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार प्रतिनिधि मण्डल ने विरोध किया है। ऐसे समय जब कि उद्यमी व्यापारी पहले से ही पंजीकरण सत्यापन कार्यवाही से ही भय भीत है, व्यापा ‘मण्डल व्यापारियो को भय भीत न होने के लिए समझा रहे हैं, ऐसे समय मे यह छापे मारी बिल्कुल भी ठीक नही है। – सतीश माहेश्वरी, महानगर अध्यक्ष

# कार के बोनट पर लड़की को रील बनाकर वायरल करने पर कटा 18000 रुपये का चालान

अयोध्या।(डाक्टर अजय तिवारी जिला संवाददाता) जिले में गाड़ी पर स्टंट करने का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल करने पर लड़कियों को महंगा पड़ा।वीडियो वायरल की जानकारी होने पर थाना पूरा कलंदर ने वाहन एक्ट अधिनियम के तहत 18000 रुपये का चालान किया।मालूम हो कि सोमवार को थाना पूराकलंदर के रघुपुर निवासी राम यश मिश्रा के पुत्र की स्विफ्ट डिजायर कार यूपी 42 एपी 4974 फैजाबाद सुलतानपुर रोड पर मसौधा नजीरपुर गांव के पास लड़कियों ने बोनट पर बैठ कर यह रील बनाकर सोशल मीडिया पर अपलोड की गई है।वायरल वीडियो में जान जोखिम में डालकर एक युवती कार के बोनट पर तो अन्य कार के शीशे से निकलकर रील बनाते वक्त कैद वीडियो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल होता दिखाई दिया।यह मामला जब एसपी देहात अतुल कुमार सोनकर, एसपी ट्रैफिक आर के गौतम,सीओ ट्रैफिक प्रमोद कुमार यादव व यातायात निरीक्षक अभिमन्यु शुक्ला के संज्ञान में आया तो पूरा कलंदर पुलिस हरकत में आकर रील बनाने में प्रयुक्त कार स्वामी के वाहन पर 18000 रुपये का चालान किया गया।इस संबंध में प्रभारी निरीक्षक पूरा कलंदर रतन कुमार



शर्मा ने बताया कि वाहन एक्ट अधिनियम के तहत उक्त वाहन का 18000 रुपये का चालान किया गया है।सीओ एसपी ट्रैफिक आर के गौतम,सीओ ट्रैफिक प्रमोद कुमार यादव ने वाहन चालकों व उस पर सवार लोगों लोगों से अपील किया कि वे किसी भी इस तरह की रील आदि न बनायें जिसके चलते उनके व अन्य लोगों के जीवन को खतरा हो। उन्होंने चेतावनी भरे लहजे में कहा कि जो इस तरह का वीडियो बनाते हुए पाया गया तो पुलिस उनके विरुद्ध कठोर कार्यवाही करेगी।

# अयोध्या धाम के वरिष्ठ समाजसेवी गौ सेवक रितेश मिश्रा व समाज सेवी कविराज दास ने किया सराहनीय कार्य



अयोध्या (डीकेयू लाइव ब्यूरो) सुरेंद्र कुमार।भगवान राम की नगरी अयोध्या में चौधरी चरण सिंह घाट के पास एक व्यक्ति मोटरसाइकिल सहित गड्ढे में गिर गया था। वह आदमी खून से लथपथ था अयोध्या धाम के गौ सेवक रितेश मिश्रा व समाजसेवी कविराज दास को सूचना मिलते ही तत्काल मौके पर पहुंचकर के श्री राम अस्पताल में भर्ती कराया अयोध्या के वरिष्ठ समाजसेवी कविराज दास व गौ सेवक रितेश मिश्रा ने बताया अयोध्या में सड़क से लेकर के गली–गली खुदा हुआ है आए दिन घटना दुर्घटना होता है अयोध्या के समाजसेवी उच्च अधिकारियों से मिलकर के समस्याओं को कराया अवगत अधिकारियों ने आश्वासन दिया की अयोध्या की सड़कों जल्द से जल्द बनाया जाएगा ।कुछ सड़कों पर चल रहा है कार्य समाजसेवी कविराज दास व गौ सेवक रितेश मिश्रा ने अधिकारियों का धन्यवाद व्यक्त किया।

# रोक के बावजूद हो रहा सौदा : गोरखपुर में प्रतिबंध के बाद भी मिल रही दवाएं : बस रसीद न मांगे

गोरखपुर ब्यूरो : गोरखपुर में हर दिन प्रतिबंधित दवाओं की बिक्री मेडिकल स्टोर से खुलेआम हो रही है, जिन पर विभाग अंकुश नहीं लगा पा रहा है। जबकि ये दवाएं बिना पर्चे के लोगों को नहीं मिल सकती हैं। यह खेल जिला अस्पताल, बेतियाहाता और बीआरडी मेडिकल कॉलेज के आसपास के मेडिकल स्टोरों पर खुलेआम चल रहा है, लेकिन इस पर विभाग की नजर नहीं पड़ रही है। स्वास्थ्य मंत्रालय ने करीब 344 दवाओं को प्रतिबंधित कर रखा है। इन दवाओं की बिक्री तभी हो सकेगी, जब मरीज पर्चा लेकर मेडिकल स्टोर पर जाएगा। जानकारों की माने तो यह फिक्स डोज कांबिनेशन (एफडीसी) वाली दवाएं हैं। एफडीसी में दो दवाएं मिक्स होती हैं। इसका इस्तेमाल डॉक्टर मानसिक रोग या फिर दर्द निवारक में करते हैं। जब ज्यादा दर्द होता है या फिर मानसिक स्थिति ज्यादा खराब होती है, तभी डॉक्टर लिखते हैं। इन दवाओं की बिक्री पूरी तरह से पर्चे पर होती है, लेकिन शहर में ये बिना पर्चे के मिल रही हैं। अगर कोई इन दवाओं की रसीद मेडिकल स्टोर संचालकों से मांग लेता है तो वह उसे लौटा देते हैं। इनमें हैलोब्रीड, क्लोट्रिमाजोल, लेवोडोपा, पेडर्स, ग्लूकोनार्म, ल्यूपिडीक्लाक्स, टैक्सीन जैसी दवाएं शामिल हैं। नारकोटिक्स की दवाएं पहले भी पकड़ी जा चुकी है प्रतिबंधित नारकोटिक्स दवाओं का पूर्वांचल बड़ा हब बनता जा रहा है। गोरखपुर में इस काम को कई बड़े दवा व्यापारी करते हैं। नारकोटिक्स में शामिल दो करोड़ से अधिक की फेंसिडिल सीरप करीब छह माह पहले पकड़ी गई थी। मामले में भालोटिया के गुप्ता बंधु समेत आगरा के दो बड़े दवा व्यापारियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया था। इसके अलावा हाल ही में एसटीएफ ने प्रतिबंधित डाइजीपॉम



इंजेक्शन भी बरामद किया था। मामले में दो आरोपी भी गिरफ्तार किए गए थे। इसके अलावा पहले भी कई बार प्रतिबंधित दवाएं पकड़ी जा चुकी हैं। इसके बाद भी यह खेल रुक नहीं रहा है। ड्रग इंस्पेक्टर जय सिंह ने कहा कि प्रतिबंधित दवाओं की बिक्री केवल डॉक्टर के पर्चे पर ही की जा सकती है। इसे लेकर समय–समय पर मेडिकल स्टोर संचालकों को निर्देश दिए जाते हैं। अगर बिना पर्चे के प्रतिबंधित दवाओं की बिक्री की जा रही है, तो अभियान चलाकर कार्रवाई की जाएगी। ये दो केस तो महज बानगी हैं जिला अस्पताल रोड पर एक मेडिकल स्टोर पर एक युवक पहुंचा। ट्रॉमाडोल की पांच गोली के लिए 50 रुपये दिए। इस दौरान उसने ट्रॉमाडोल ने कहकर धीरे से दवा का शार्ट नाम डोल कहा था। मेडिकल स्टोर संचालक ने तत्दकाल दवा दे दी और युवक आगे बढ़ गया। इस दवा का इस्तेमाल दिमाग में होने वाले दर्द को कम करने के लिए किया जाता है, लेकिन युवा इसका इस्तेमाल नशे के रूप में हैं।

# बार–बार पत्राचार : 157 महाविद्यालय परीक्षा शुल्क जमा करने में लाचार

अलीगढ़ ब्यूरो : राजा महेंद्र प्रताप सिंह राज्य विश्वविद्यालय (आरएमपीयू) से संबद्ध 157 महाविद्यालयों ने अब तक परीक्षा शुल्क जमा नहीं किया है। बार–बार पत्राचार किए जाने के बाद भी वह शुल्क जमा करने में गंभीर नहीं हैं। विवि प्रशासन की सख्ती के बाद चार दिन में महज तीन महाविद्यालयों ने ही शुल्क जमा किया है। शुल्क न जमा करने पर हाथरस, अलीगढ़, कासगंज और एटा के कई महाविद्यालयों पर आगामी शैक्षणिक सत्र में प्रवेश लेने में रोक लगेगी। 19 से 22 मई तक 160 में से तीन महाविद्यालयों ने परीक्षा शुल्क जमा किया है। इससे पहले इन महाविद्यालयों के प्रबंधकों और प्राचार्यों को लगातार परीक्षा शुल्क जमा करने के लिए कहा जा रहा था। प्रवेश लेने से वंचित किए जाने के आदेश के बाद भी महाविद्यालय के प्रबंधक और प्राचार्य शुल्क जमा करने में रुचि नहीं ले रहे हैं। विवि के कुलसचिव महेश कुमार ने बताया कि विश्वविद्यालय से संबद्ध 360 महाविद्यालय हैं। अब तक 157 महाविद्यालयों ने परीक्षा शुल्क जमा नहीं किया है। परीक्षा शुल्क जमा न करने पर नए सत्र में इन महाविद्यालयों पर प्रवेश लेने पर रोक लगा दी जाएगी। 72 महाविद्यालयों ने भेजा डाटा राजा महेंद्र प्रताप सिंह राज्य



विश्वविद्यालय (आरएमपीयू) से संबद्ध 360 महाविद्यालयों में से 72 महाविद्यालयों ने महाविद्यालय से संबंधित ब्योरा भेजा है। यह ब्योरा शासन को भेजा जाना है। विवि के कुलसचिव महेश कुमार ने बताया कि एक्सेल शीट पर महाविद्यालय का नाम, कॉलेज कोड, कॉलेज का प्रकार, स्थापना, विकासखंड, तहसील, जिला, मंडल, ग्रामीण–शहरी, क्षेत्रीय उच्च शिक्षाधिकारी कार्यालय, कॉलेज वेबसाइट, कॉलेज ईमेल, प्राचार्य नाम, मोबाइल नंबर, कॉलेज का लोकेशन, नैक ग्रेड आदि की जानकारी रजिस्ट्रार के ईमेल पर भेजनी होगी।

# नागरिकों से किए वादे पर खरा उतरना चुनौतियों भरा होगा नवनिर्वाचित महापौर को

अयोध्या।(राजेश श्रीवास्तव ब्यूरो चीफ अयोध्या) राम नगरी में विकास कार्यों के लिए भले ही प्रदेश सरकार पूरी क्षमता से लगी हुई है किंतु कुछ ऐसी चुनौतियां हैं जिन्हें नगर निगम के स्तर पर ही हल किया जा सकता है। इसमें सबसे बड़ी चुनौती निगम की आय बढ़ाने की है। और खर्च को कम करना ही आज की मांग है। में दूसरी ओर शहर में शामिल हुए नए 41 गांव को शहरी रूप में विकसित करना नागरिकों की आशा और विश्वास की बड़ी चुनौती नवनिर्वाचित महापौर गिरीश पति त्रिपाठी के समक्ष है। उन्होंने वार्ता में बताया है कि चुनौतियां की लंबी फेहरिस्त होने के बावजूद महापौर को विश्वास है कि वे अपने जनप्रिय मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ एवं प्रदेश सरकार के सहयोग से सभी कठिन परीक्षाओं में सफल होंगे। और जनता के विश्वास पर खरे उतरेंगे। उत्तर प्रदेश में नगर निगम ने इस वर्ष वसूली का रिकॉर्ड कायम किया है। किंतु उसके आर्थिक हालात काफी अच्छे नहीं है। वह अपने बलबूते आपके सारे कार्य करा सकें। नई सड़कें नालियों की मरम्मत समेत अनेक छोटे छोटे कार्य इस वजह से नही हो पाते हैं। यहां तक कर्मचारियों का समय पर वेतन और रिटायर कर्मचारियों को उनके भुगतान नहीं मिल पा रहे हैं।शहर के सत्ताईस हजार नए चिन्हित भवनों से कर की वसूली करके और नगर निगम के खर्चे हटाकर ही यह काम संभव हो सकेगा। इसके लिए आउटसोर्सिंग में भारी पैमाने पर भरे गए ओवरलोड कर्मचारियों की छटनी भी बड़ी चुनौती है। शहर के कई इलाके ऐसे हैं जहां बरसात में जलभराव रहता है और जल निकासी नहीं हो पाती जनौरा क्षेत्र ऐसा ही प्रभावित इलाकों है जल निकासी की तैयारी है इन सबसे अलग एक बड़ी चुनौती शहर में कचरे का निस्तारण का है अभी तक का निस्तारण का काम यहां नहीं शुरू हुआ है। इस पर नवनिर्वाचित महापौर गिरीशपति त्रिपाठी बताया कि यह मेरा सौभाग्य है कि मुख्यमंत्री खुद अयोध्या के विकास के लिए प्रयासरत है।यह चुनौतियां मेरे संज्ञान में हैं।पदभार संभालने के बाद सब के साथ बैठकर इन चुनौतियों को हल करने की रणनीति बनाई जाएगी। इसमें जहां जरूरत पड़ी प्रदेश सरकार का सहयोग भी लिया जाएगा।शहर की जनता ने जिस विश्वास के साथ मुझे यह पद सौंपा है।उस विश्वास पर मैं पूर्ण रूप से खरा उतरूंगा। जनता के विश्वास को डिगने नहीं दिया जाएगा।

# अयोध्या : सड़क हादसे में छात्र की मौत : परिजनों ने शव को सड़क पर रखकर किया मार्ग जाम

अयोध्या।(मुकेश कुमार क्राइम रिपोर्टर अयोध्या) जिले के थाना पूराकलंदर थाना क्षेत्र में बाइक सवार ने साइकिल से जा रहे छात्र को टक्कर मार दी। टक्कर लगने से छात्र गंभीर रूप से घायल हो गया। घायल अवस्था में छात्र को परिजनों ने मेडिकल कॉलेज में भर्ती कराया, जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया।पोस्टमार्टम के बाद आक्रोशित मृतक के परिजनों ने सरियावां चौराहे पर शव रखकर जाम लगाकर प्रदर्शन किया। पीड़ित परिजन आरोपी के खिलाफ केस दर्ज करने की मांग कर रहे थे। पुलिस अधिकारियों के आश्वासन के बाद परिजनों ने जाम को खोला। करीब एक घंटे पर यातायात पूरी तरह बाधित रहा।साइकिल पर गेहूं लादकर पिसाने जा रहे एक युवक को बाइक सवार ने टक्कर मार दी।युवक का नाम आदित्य कुमार (18) पुत्र राकेश कुमार पासी है। वह निवासी ग्राम आस्तीकन थाना इनायतनगर अपने ननिहाल ग्राम सभा सुरियावां के मजरे मेहरबान का पुरवा में रहता था।घर से गौहनिया चौराहा गेहूं पिसाने गया था। लौटते समय तिवारी के पुरवा के पास रविवार शाम लगभग 7 बजे अज्ञात मोटरसाइकिल चालक ने टक्कर मार दी।घायल आदित्य को परिजनों ने



दर्शन नगर मेडिकल कॉलेज में भर्ती कराया गया, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया।सोमवार को पोस्टमार्टम के बाद परिजन व ग्रामीणों ने लाश को सरियावा चौराहा पर रखकर रोड जाम कर दिया। परिजन आरोपी के खिलाफ कार्यवाही की मांग करते हुए हाइवे को बंद कर दिया। घटना की सूचना मिलते ही सूचना के बाद मौके पर थाना पुराकलंदर पुलिस के अलावा कई पुलिस विभाग के आलाधिकारी मौके पर पहुंचे। मृतक के मामा सूरज रावत ने अधिकारियों के सामने मांग रखी की मोटरसाइकिल स्वामी व चालक के खिलाफ केस दर्ज किया जाए।अधिकारियों के आरोपी पर कार्यवाही करने के आश्वासन पर परिजनों ने सड़क जाम खत्म कर किया।

# ईगल बिच्छू पर कार्यवाही हुई तो अब सुर्खियों में आया महाकाल ग्रुप : कई वारदातों को दे चुका है अंजाम

गोरखपुर ब्यूरो : गुलरिहा इलाके में ईगल ग्रुप पर पुलिस ने कार्रवाई की तो अब महाकाल ग्रुप फिर सामने आया है। 24 मई 2020 को खोराबार के रामनगर कड़जहां गांव के चचेरे भाई दिवाकर निषाद और कृष्णा की झंगहा के गौरीघाट बांध के किनारे गोली मारकर हत्या की गई थी। बदमाशों ने दावत के बहाने बुलवाकर वारदात को अंजाम दिया था। इसके बाद महाकाल ग्रुप शांत था। इसके बाद बिच्छू ग्रुप सामने आया। भगत चौराहे पर चंद महीने पहले ही पूर्व प्रधान प्रधान शशिमौली शुक्ला को गोली मारने के बाद बिच्छू ग्रुप चर्चा में आया। अब इस पर भी कार्रवाई हुई तो एकबार फिर महाकाल ग्रुप सक्रिय हो गया। इस ग्रुप में क्षेत्र के गुंडई करने वाले नवयुवक शामिल होते हैं। ग्रुप के किसी सदस्य से कहीं भी वाद विवाद होने पर एक मैसेज फारवर्ड करते ही कुछ ही देर में एक से दो दर्जन बाइक सवार मौके पर पहुंच जाते हैं। ग्रुप के सदस्य चंद मिनटों में विरोधी के साथ मारपीट कर मौके से गायब हो जाते हैं। इस ग्रुप के नवयुवकों के आतंक से क्षेत्र के लोगों में भय का माहौल व्याप्त रहता है। कुछ घटनाओं में पुलिस ने कार्यवाही की है, फिर भी ग्रुप के सदस्यों की कारगुजारियां सामने आती रहती हैं। फिर सक्रिय हो गया महाकाल ग्रुप, प्रधान को दी जान से मारने की धमकी गोरखपुर जिले में महाकाल ग्रुप फिर सक्रिय हो गया है। अब गुलरिहा इलाके के जैनपुर गांव के ग्राम प्रधान वाजिद अली को जान से मारने की धमकी देने का मामला सामने आया है। इसके पहले शनिवार को दो भाइयों को पीटे जाने में भी महाकाल ग्रुप का नाम सामने आया था। दोनों ही घटनाओं के बाद एक बार फिर महाकाल ग्रुप सुर्खियों में आ गया है। पुलिस दोनों ही मामले में केस दर्ज कर जांच कर रही है। प्रधान वाजिद ने तहरीर में लिखा है कि जैनपुर गांव के रामनरेश, नहर विभाग की जमीन पर मकान बनाने पर विभाग की कार्रवाई को लेकर व्यक्तिगत रंजिश रखते हैं। आरोप है कि रामनरेश का बेटा दीपक निषाद, महाकाल ग्रुप का सदस्य है। 19 मई को इसी को लेकर रात दस बजे रामनरेश, ओमप्रकाश व नेबुलाल गुप्ता, दीपक निषाद ने उनके घर पर चढ़कर गाली और जान से मारने की धमकी दी। शोर सुनकर आसपास के लोग आ गए तो आरोपी फरार हो गए। आरोपियों की हरकत से परिवार वाले दहशत में है। पुलिस ने सोमवार की शाम प्रधान की तहरीर पर केस दर्ज कर लिया। वहीं, पुलिस ने एक और केस रविवार की देर रात में दर्ज किया है। जिसमें महाकाल ग्रुप का जिक्र है। गुलरिहा थाना क्षेत्र के जंगल डुमरी नंबर एक के तेतरिया टोला निवासी राममिलन ने केस दर्ज कराया है। उनका आरोप है कि शनिवार की शाम लगभग पांच बजे बाइक से खपड़हवा चौराहे से घर जा रहे थे। इसी दौरान विपरीत दिशा से तेज रफ्तार मैजिक लेकर आ रहे चालक रोशन यादव ने बाइक में ठोकर मार दी। मैजिक की तेज रफ्तार पर टिप्पणी कर दी। इसी पर चालक विवाद करने लगा। स्थानीय लोगों ने बीचबचाव करके दोनों को घर भेज दिया। आरोप है कि उसी रात लगभग नौ बजे सूरज यादव, मुनीब विश्वकर्मा, रोशन यादव समेत महाकाल ग्रुप के दर्जन भर सदस्य खपड़हवा चौराहा स्थित बाइक सवार राममिलन के भाई अमरनाथ के किराना की दुकान पर पहुंचे और कालर पकड़ कर लातों और घूसों से पीटने लगे। दुकान में भी तोड़फोड़ की। पुलिस इस मामले में रविवार की रात में मुनीब विश्वकर्मा, सूरज यादव, रोशन व महाकाल ग्रुप के अज्ञात सदस्यों पर तोड़फोड़, दुकान से खींचकर मारने और धमकी देने के धाराओं में केस दर्ज किया है। महाकाल ग्रुप पर मारपीट कर रुपये लूटने का आरोप गुलरिहा इलाके में रविवार की रात में डीजे बजाकर घर लौट रहे संचालक से मारपीट कर 45 हजार रुपये लूटने का मामला सामने आया है। आरोप है कि महाकाल ग्रुप के युवकों ने हरकत की है। हालांकि, पुलिस का कहना है कि आपसी लेनदेन के विवाद में मारपीट हुई है। जानकारी के मुताबिक, करमहां बुजुर्ग निवासी विजय गुप्ता मन्नू डीजे नाम से दुकान चलाते हैं। रविवार को गांव के ही एक व्यक्ति की शादी में डीजे बजाने पर पड़ोसी के गांव जौरहर गए थे। रात करीब एक बजे ऑपरेटर वीरु के साथ डीजे मैजिक गाड़ी पर लोड कर घर जा रहे थे। गांव के बाहर एक स्कूल के समीप पांच बाइक सवार दस से 12 नकाबपोश युवक रास्ते में बीचोबीच लाठी–डंडा लेकर खड़े थे। गाड़ी रुकते ही नकाबपोश बदमाश, यही विजय है, कह करके टूट पड़े और गाड़ी से खींचकर मारपीट कर लहूलुहान कर दिए। जेब से 45 हजार रुपये नगदी और गोदाम की चाबी लूट कर फरार हो गए। संचालक को पिटते देख ऑपरेटर मैजिक से कूदकर भाग निकला। उसने थोड़ी दूर जाकर डायल 112 पर सूचना दी। पुलिस जब तक पहुंची तब तक हमलावर फरार हो गए थे। प्रभारी निरीक्षक गुलरिहा संजय कुमार सिंह का कहना है कि दोनों पक्षों में किसी बात को लेकर मारपीट हुई है। लूट का मामला नहीं है। जांच की जा रही है। एसपी नार्थ मनोज अवस्थी ने कहा कि महाकाल ग्रुप का नाम सामने आने पर पुलिस ने दोनों मामलों में केस दर्ज कर लिया है। आरोपियों की पहचान में पुलिस जुटी है। अगर, इस तरह का कोई ग्रुप पाया गया तो जांच कर ग्रुप से जुड़े सभी लोगों पर कड़ी कार्रवाई पुलिस करेगी।

# कैंट पुलिस ने फर्जी नियुक्ति पत्र देने व ठगी करने वाले आरोपी को किया गिरफ्तार

अयोध्या।(राजेश श्रीवास्तव ब्यूरो चीफ अयोध्या) थाना कोतवाली कैंट पुलिस ने सोमवार को नौकरी दिलाने का झांसा देकर लोगो से पैसे लेकर फर्जी कुटरचित नियुक्ति पत्र देने तथा विभिन्न सरकारी योजनाओं के लाभ दिलाने के नाम पर लोगों से ठगी करने वाले गिरोह का पर्दाफाश किया।पुलिस ने इस गिरोह में शामिल एक आरोपी को गिरफ्तार किया। थाना कैंट प्रभारी निरीक्षक कृष्ण कुमार मिश्रा ने उप निरीक्षक अशोक कुमार चौरसिया की मदद से वादी बृजभूषण दूबे से नौकरी का झांसा देकर पचास हजार रुपया लेना व फर्जी तरीके से नियुक्ति पत्र दिया था। पुलिस ने बताया कि आरोपी ने मंगेश कुमार पुत्र राम अभिलाख निवासी हरिपुर जलालाबाद थाना कैंट अयोध्या,सुनीता पत्नी श्यामलाल निवासी पलिया शहाब्दी थाना कैंट जनपद अयोध्या तथा पार्वती पत्नी राम अभिलाख निवासी गौहनिया थाना पूराकलन्दर जनपद अयोध्या के ई श्रम कार्ड व आवास मरम्मत योजना व शौचालय योजना के नाम पर धोखाधड़ी कर कूटरचना कर फर्जी तरीके से कागजात तैयार करने संबंध मे वादी मुकदमा की तहरीर पर आरोपी मोहम्मद गुलजार पुत्र मोहम्मद जैनुल निवासी हरिपुर जलालाबाद थाना कैण्ट जनपद अयोध्या को कोटसराय चौराहे से 1500 रुपये व श्रमकार्ड समेत गिरफ्तार किया।

# वरिष्ठ नागरिक कल्याण समिति ने जनमोर्चा संपादक शीतला सिंह को दी श्रद्धांजलि

अयोध्या।(डाक्टर अजय तिवारी जिला संवाददाता) वरिष्ठ नागरिक कल्याण समिति अध्यक्ष प्रीतम सिंह के अध्यक्षता में प्रेस क्लब सिविल लाइन अयोध्या में बैठक संपन्न हुई जिसमें परिषद की अन्य गतिविधियों पर विचार करते हुए जिले में साइबर क्राइम टीम द्वारा मारे गए छापे पर भी चर्चा की गई बैठक के अंत में जिले के जनमोर्चा हिंदी दैनिक के प्रमुख संपादक शीतला सिंह के निधन पर शोक सभा आयोजित कर 2 मिनट का मौन रखकर श्रद्धांजलि दी गई। इसमें कल्याण समिति के सचिवइंजीनियर उमेश चंद्र कोषाध्यक्ष शुक्ला प्रोफेसर केएम सिंह उपस्थित रहे। इस अवसर पर कल्याण समिति के अध्यक्ष प्रीतम सिंह ने उनके निधन को अपूरणीय क्षति बताएं इंजीनियर उमेश चंद्र ने उन्हें सहकारिता के आधार पर चलने वाले अखबार का खेवनहार और देश और समाज की आवाज बताया वहीं पर प्रोफेसर केम सिंह ने उन्हें हिंदी पत्रकारिता का स्तंभ बताते हुए उनके निधन से अयोध्या के साथ–साथ पूरे देश के एक शो 40 करोड़ जनता की आवाज बताई अंत में उन्हें श्रद्धांजलि दी गई।

# एसपी ग्रामीण ने कैंटीन सहित अन्य कार्यालयों का किया स्थलीय निरीक्षण

अयोध्या।(डाक्टर अजय तिवारी जिला संवाददाता) मंगलवार को पुलिस अधीक्षक ग्रामीण अतुल कुमार सोनकर ने रिजर्व पुलिस लाइन में परेड की सलामी लेने के बाद परेड का निरीक्षण किया।उसके बाद



उन्होंने परेड में एक रुपता व अनुशासन बनाए रखने के लिए टोलीवार ड्रिल कराया।पुलिस अधीक्षक ग्रामीण अतुल कुमार सोनकर ने कैण्टीन, यू0पी0112 कार्यालय, जिला नियंत्रण कक्ष, भोजनालय, बैरिक, स्टोर, क्वार्टर गार्द का निरीक्षण कर रजिस्टर के रख रखाव का निरीक्षण किया।इस दौरान जहां पर सब कुछ संतोष जनक मिला वहां पर तैनात पुलिसकर्मियों को शाबाशी मिली तथा जहां पर कुछ कमी मिली वहां के पुलिस कर्मियों को सुधार लाने की नसीहत दी।

# दूसरे खाते में पीड़ित द्वारा भेजे गए दस हजार रुपये साइबर सेल ने कराया वापस

अयोध्या।(राजेश श्रीवास्तव ब्यूरो चीफ अयोध्या) पीड़ित द्वारा गलती से दूसरे के खाते में भेजे गए दस हजार रुपये को साइबर सेल ने पीड़ित को वापस कराया।मालूम हो कि प्रार्थी रामू कौशल निवासी नयागंज थाना रुदौली जनपद अयोध्या ने पुलिस कप्तान मुनिराज जी के सामने प्रार्थना पत्र के माध्यम से बताया कि उसे अपने किसी मित्र को दस हजार रुपए भेजने थे जो कि स्वंय की गलती से वह पैसा किसी अंजान व्यक्ति के खाते में चले गए।पीड़ित द्वारा अज्ञात व्यक्ति से संपर्क कर पैसे वापस करने को कहा तब उसने वापसी के लिए कहकर आश्वासन दिया परन्तु बाद में मना कर अपना मोबाइल नंबर भी बन्द कर लिया। इस मामले को पुलिस कप्तान ने गम्भीरता से लेते हुए इसका निराकरण करने के लिये साइबर क्राइम सेल को निर्देश दिए। जिसके चलते प्रभारी निरीक्षक साइबर क्राइम सेल मनबोधा तिवारी ने उप निरीक्षक इश्तियाक अहमद की सहायता से त्वरित जांच करते हुए कुल दस हजार रूपये पीड़ित के खाते में वापस कराया।

सम्पादक मंडल

श्री शिवशंकर द्विवेदी संयुक्त सचिव (सेवा निवृत्त) उ0प्र0 शासन, लखनऊ, पं. लाल साहब उपाध्याय (सत्यवेदानन्द जी), बाबा शक्ति नाथ (ज्योतिषाचार्य)श्री विजय कुमार तिवारी, श्री दीपचन्द्र मौर्य (एडवोकेट), श्री सुभाष चन्द्र सेठ,श्री ऋषिकेश द्विवेदी, श्री शिवशंकर तिवारी

प्रमुख कार्यालय– हिन्दी साप्ताहिक " देश की उपासना"

पता–ई 3464,राजाजी पुरम्(निकट मिनी स्टेडियम) लखनऊ उ0प्र0

लखनऊ सम्पादक– श्री पी0सी0श्रीवास्तव मों0 9415545107

स्वात्वाधिकारी की ओर से श्रीमती किरन देवी श्रीवास्तव पत्नी श्री प्रभुदयाल श्रीवास्तव मुद्रक, प्रकाशक एवं सम्पादक द्वारा देश की उपासना प्रेस, उपासना भवन, धर्मसारी, प्रेमापुर, जौनपुर उत्तर प्रदेश से मुद्रित एवं प्रकाशित।

सम्पादक

श्रीमती किरन देवी श्रीवास्तव

सह सम्पादक

श्रीमती हेमा त्रिपाठी

मो0–7007415808,9628325542,9415034002

RNI संन्दर्भ संख्या – 24/234/2019/R-1

deshkiupasanadailynews@gmail.com

उपरोक्त सभी पद अवैतनिक है,समाचार पत्र में प्रकाशित लेख/समाचारों से सम्पादक की सहमति अनिवार्य नही

समाचार–पत्र से सम्बन्धित समस्त विवादों का न्याय क्षेत्र जौनपुर न्यायलय होगा।